वर्ष : 48 अंक 225
जौनपुर, सोमवार
01 जून 2026
तापमान
अधिकतम / न्यूनतम
38°C | 29°C

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

मूल्य 3.00 रुपये पृष्ठ-8
जौनपुर, अयोध्या, लखनऊ, पटना (बिहार), ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मप्र) से प्रकाशित
www.tarunmitra.in

सुदीक्षा ई.एन.टी. क्लीनिक & थायरॉइड सेन्टर
कान पर्दे की सुराख का बिना आपरेशन इलाज
सभी प्रकार के नाक, कान, गला थायराइड एवं मुख कैंसर रोग का इलाज व आपरेशन की सुविधा
डॉ. बृजेश कन्नौजिया M.B.B.S., M.S.(ENT) (गोल्ड मेडलिस्ट) नाक, कान, गला, थायराइड एवं मुख कैंसर सर्जन
डॉ. एकता कन्नौजिया B.H.M.S., C.G.O. नाक, कान, गला एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
नईगंज तिराहा (कुमार पेट्रोल पम्प के सामने), जौनपुर Mob.:8115484636

पूर्वांचल का सर्वश्रेष्ठ प्रतिष्ठान
गहना कोठी
भगेलू राम रामजी सेठ
Since 1946
शुद्धता ही हमारी परम्परा है
1st Prize मारुति सुजुकी डिज़ायर
2nd Prize मारुति बलेनो
3rd Prize मारुति वैगन आर
प्रत्येक 10000/- तक की खरीद पर पाएं लकी ड्रा कूपन और ढेरों ईनाम जीतने का मौका
कचहरी रोड, कलेक्ट्री तिराहा के पास, आधुनिक मिष्ठान के सामने जौनपुर, यूपी 9838545608, 7355037762, 8317077790
सद्भावना पुल रोड, नखास, ओलन्दगंज, जौनपुर 9838545608, 7355037762, 8317077790
हनुमान मंदिर के सामने कोतवाली चौराहा, जौनपुर 9984991000, 9792991000, 9984361313

Redefining Education
Umanath Singh Hr. Sec. School
www.unsschool.in
REGISTRATION FOR ADMISSION (2026-27) OPEN Play Group to Class IX & XI
A Senior Sec. School Affiliated to CBSE New Delhi
The Choice of Winner
Special Orientation for NTSE Olympiad, KVPY, NEET & JEE
Peaceful & Good Environment
Loving & Caring Teachers
Activity Oriented Curriculum
Creative Education Plan
Transport Facility Available
Shankarganj, Maharupur, Jaunpur - 222180
9415234208, 9648531617, 9839155647, 8808794452
Principal-Dr. Bruno D.Nazareth

School No.: 70622 Affiliation No.: 2131221
Admission Open 2026-27
Science, Commerce & Humanities
R.N. Tagore Higher Secondary School
(A Senior Secondary School)
WHERE EVERYONE IS AN ACHIEVER
Diagnato diagnostics realm
CT Coronary Angiogram
Brain Angiography
Sukkhipur, Bodkarpur, Jaunpur
Phone:+91 5452-352515 Mob.: 9616178972, 9935011946, 7388456512
Email : rnthrss94@rediffmail.com | www.rntsss.com
आर.एन. टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सहयोग से डायग्नेटो डायग्नोस्टिक सेंटर पर सभी विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाँच सुविधा उपलब्ध। सभी शिक्षकों, अभिभावकों एवं अन्य विद्यार्थियों को सभी मेडिकल/जाँच सेवाओं पर 50% की विशेष छूट।
आपका स्वास्थ्य, हमारी प्राथमिकता!

## बकरीद पर सूर्या की निर्मम हत्या करने वाला असद एनकाउंटर में ढेर



**साहिबाबाद, 31 मई।** गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद पर हुई युवक की हत्या के मामले में हत्यारोपित और पुलिस के बीच शनिवार देर रात मुठभेड हो गई। मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी ढेर हो गया। जबकि उसका साथी पुलिस को गच्चा देकर फरार हो गया। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि खोड़ा थाना क्षेत्र की नवनीत विहार कॉलोनी में 28 मई को बकरीद के दिन मुसिलम युवक असद ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। आरोपित पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। शनिवार देर रात पुलिस टीम वसुंधरा क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। तभी असद अपने एक साथी के साथ आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रूकने का इशारा किया। जिसके बाद आरोपित ने उस पर फायरिंग कर दी। जबावी कार्रवाई में पुलिस की एक गोली उसके जा लगी। उसका साथी मौके से फरार हो गया। असर को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बाइक के विवाद में सूर्या की चाकू से गोदकर हत्या की गई। आरोपित असद ने नई बाइक ली थी, इसे सूर्या ने चलाने के लिए मांगा। बाइक न देने पर दोनों के बीच विवाद हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थाईलैंड के 'ओजी गांजा' के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

### थाईलैंड से कोलकाता और बिहार होते हुए गोरखपुर पहुंची थी खेप



**गोरखपुर, 31 मई।** पूर्वांचल में विदेशी नशीले पदार्थों की तस्करी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र से 80 लाख रुपये मूल्य का थाईलैंड का हाइड्रोपोनिक गांजा (ओजी-ओशियन ग्रीन) बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान बिहार के रहने वाले युवक समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

आरोपितों की पहचान गोला क्षेत्र के मेहड़ा गांव निवासी सत्यम शुक्ला, बिहार के सीवान जिले के दरौदा थाना क्षेत्र के कोल्हुआ निवासी संजय कुमार यादव तथा गुलरिहा क्षेत्र के लगड़ी गांव निवासी मोहम्मद असलम उर्फ मुन्ना के रूप में हुई है। आरोपितों के कब्जे से 770 ग्राम ओजी गांजा और एक कार बरामद हुई।

पूछताछ और जांच में सामने आया है कि बिहार निवासी संजय कुमार यादव विदेशी गांजे की खेप लेकर गोरखपुर पहुंचा था। रेलवे स्टेशन के आसपास इसकी डिलीवरी की तैयारी थी। पुलिस के अनुसार सत्यम शुक्ला गांजा खरीदने के लिए मौके पर आया था, जबकि मोहम्मद असलम की भूमिका सप्लाई नेटवर्क में होने की आशंका है। पूछताछ में संजय ने बताया कि यह खेप थाईलैंड से कोलकाता पहुंची थी। वहां से बिहार के रास्ते गोरखपुर लाई गई। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि खेप सीमा पार कर भारत में कैसे पहुंची और इसके पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं। एएनटीएफ के अधिकारियों के अनुसार बरामद ओजी गांजा सामान्य गांजे से पूरी तरह अलग है। इसे नियंत्रित वातावरण में हाइड्रोपोनिक तकनीक से तैयार किया जाता है।

इसमें सामान्य गांजे जैसी तीखी गंध नहीं होती, लेकिन इसका नशीला प्रभाव कई गुना अधिक माना जाता है। यही वजह है कि महज 770 ग्राम गांजे की कीमत करीब 80 लाख रुपये आंकी गई है। गोरखपुर में इससे पहले भी एएनटीएफ द्वारा कैंट क्षेत्र में ओजी गांजा बरामद किया जा चुका है। लगातार दूसरी बार विदेशी गांजे की बरामदगी ने जांच एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है।

आशंका है कि पूर्वांचल में हाई-प्रोफाइल ग्राहकों तक विदेशी नशीले पदार्थ पहुंचाने वाला संगठित नेटवर्क सक्रिय है। एएनटीएफ और स्थानीय पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों के मोबाइल फोन, बैंक खातों और संपर्कों की जांच कर रही है। दो अन्य संदिग्धों की भी तलाश की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में अंतरराज्यीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग मिल सकते हैं। कैंट थाने में आरोपितों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## अचानक रोकी गई केदारनाथ यात्रा, सुरक्षित स्थानों पर रखे गए श्रद्धालु

**रुद्रप्रयाग, 31 मई।** उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश और मौसम विभाग की ओर से जारी ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया है। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद रुद्रप्रयाग के विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार वर्षा हो रही है।

मौसम विभाग ने आगामी घंटों में भारी बारिश, तेज हवाएं और तूफान की संभावना जताई है। संभावित खतरे को देखते हुए केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न पड़ावों और होल्डिंग क्षेत्रों में रोककर सुरक्षित ठहराया गया है।

पैदल यात्रा मार्ग पर मौजूद यात्रियों को भी निकटतम सुरक्षित स्थानों और निर्धारित होल्डिंग एरिया में रखा गया है। वहीं श्रीनगर क्षेत्र में केदारनाथ धाम की ओर जाने वाले वाहनों की आवाजाही भी फिलहाल रोक दी गई है। वाहनों को निर्धारित होल्डिंग क्षेत्रों में खड़ा कराया जा रहा है, ताकि मौसम सामान्य होने तक किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।

प्रशासन ने कहा है कि मौसम में सुधार और यात्रा मार्ग की स्थिति पूरी तरह सुरक्षित पाए जाने के बाद ही श्रद्धालुओं एवं वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति दी जाएगी। जिला प्रशासन, पुलिस और आपदा प्रबंधन विभाग की टीमें लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

## यूपी स्वास्थ्य विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

**डॉ.मुकेश कुमार वाराणसी, डॉ.रमेश कुमार मिश्रा सोनभद्र, डॉ.अभय नारायण राय बलिया, डॉ.पंकज कुमार मऊ और डॉ.गंगाराम गौतम जौनपुर के बनाए गए सीएमओ**




**लखनऊ, 31 मई।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने प्रदेश के 21 से अधिक जिलों में मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) के तबादले करते हुए नई तैनातियां की हैं। इस कदम को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जारी तबादला सूची के अनुसार वाराणसी, गाजियाबाद, अंबेडकरनगर और जालौन सहित कई महत्वपूर्ण जिलों में नए मुख्य चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। प्रशासनिक और राजनीतिक दृष्टि से इन जिलों को महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए इस बदलाव पर विशेष नजर रखी जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक डॉ.मुकेश कुमार को वाराणसी का नया मुख्य चिकित्सा अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं डॉ.सचिन चंद्र वैश्य को गाजियाबाद के सीएमओ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अंबेडकरनगर में डॉ.प्रमोद कुमार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है, डॉ.हरिनंदन प्रसाद को जालौन एवं डॉ.गंगाराम गौतम को सीएमओ जौनपुर जिले का नया सीएमओ नियुक्त किया गया है।

एक साथ 24 जिलों में हुए तबादलों से स्वास्थ्य विभाग में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि नए अधिकारियों की नियुक्ति से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पतालों की कार्यप्रणाली और जनसुविधाओं में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है।

**नई तैनाती:** डॉ. प्रमोद कुमार सीएमओ अंबेडकर नगर, डॉ.मुकेश कुमार सीएमओ वाराणसी, डॉ.सचिन चंद्र वैश्य सीएमओ गाजियाबाद, डॉ हरिनंदन प्रसाद सीएमओ जालौन, डॉ नीरज त्यागी जेडी आगरा, डॉ.रमेश कुमार मिश्रा सीएमओ सोनभद्र, डॉ.रंजन गौतम सीएमओ बाराबंकी, डॉ.अजय कुमार शर्मा सीएमओ उन्नाव, डॉ.अभय नारायण राय सीएमओ बलिया, डॉ.अल्का शुक्ला सीएमओ हमीरपुर, डॉ.उदयभान सिंह सीएमओ फतेहपुर, डॉ.किशोर कुमार आहूजा सीएमओ हापुड़, डॉ.गंगाराम गौतम सीएमओ जौनपुर, डॉ.पंकज कुमार सीएमओ मऊ, डॉ.प्रमोद कुमार सीएमओ अम्बेडकरनगर, डॉ.भुवन चन्द्र पन्त सीएमओ पीलीभीत, डॉ.मुकेश कुमार सीएमओ वारणसी, डॉ.रमाकान्त सागर सीएमओ अमरोहा, डॉ.रामनाथ सिंह सीएमओ अलीगढ़, डॉ.विकास चन्द्रा सीएमओ कन्नौज, डॉ.विनय कुमार सीएमओ महोबा, डॉ.वेद प्रकाश सीएमओ हाथरस, डॉ.सचिन चन्द्र वैश्य सीएमओ गाजियाबाद एवं डॉ.सुखरंजन समदर को सीतापुर का सीएमओ बनाया गया है।

## दिल्ली के साकेत हादसे में एमसीडी के जेई और एई सस्पेंड

### अब तक पांच लोगों की हुई मौत



**नई दिल्ली, 31 मई।** दिल्ली के सैदुलअजाइब में साकेत मेट्रो स्टेशन के पास हुए हादसे में बड़ी कार्रवाई हो गई है। एससीडी के दो अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। बता दें कि सैदुलअजाइब में एक पांच मंजिला इमारत ढहने से अब तक पांच लोगों की मौत हो चुकी है। कई लोगों का एम्स अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार सुबह घटनास्थल का दौरा कर अधिकारियों से राहत-बचाव कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा सीएम रेखा गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए। अधिकारियों को आस-पास की टूटी-फूटी और खतरनाक इमारतों की जांच करने और सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। इस दर्दनाक हादसे को लेकर एमसीडी के जेई अमन जैन और एई सुदेश सिंह चौहान को सस्पेंड किया गया है। सीएम रेखा के निरीक्षण के बाद यह कार्रवाई की गई है। हादसे में मरने वाले रवि, नलिन कपिल, पार्वती ओझा की पहचान हो गई है, जबकि पांचवें की पहचान नहीं हो पाई। रवि ने कर्जिगस्तान से एमबीबीएस की डिग्री ली थी और अब पीजी की तैयारी कर रहा था। कैंटीन में दोस्तों के साथ खाना खाने गया था, इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया।

## अभिषेक बनर्जी पर हुए हमले के आरोप में छह गिरफ्तार

**कोलकाता, 31 मई।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सांसद भतीजे अभिषेक बनर्जी पर शनिवार को दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में हुए हमले के मामले में पुलिस ने रातभर अभियान चलाकर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना की जांच के तहत सोनारपुर थाना पुलिस ने शनिवार रात भर इलाके में तलाशी अभियान चलाया। जानकारी के अनुसार, शनिवार को अभिषेक बनर्जी चुनाव बाद हिंसा में एक मृत तृणमूल कार्यकर्ता के परिवार से मिलने सोनारपुर गए थे। इस दौरान उन्हें स्थानीय लोगों के भारी विरोध और जनाक्रोश का सामना करना पड़ा था। आरोप है कि उनके काफिले पर अंडे और ईंट-पत्थर फेंके गए तथा कुछ लोगों ने उनकी गाड़ी को घेरकर नारेबाजी की। मृत कार्यकर्ता के घर तक पैदल जाते समय भी उन्हें भारी विरोध का सामना करना पड़ा।

**वीडियो फुटेज के आधार पर गिरफ्तारी:** घटना के बाद पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, इन्हीं फुटेज के आधार पर छह आरोपितों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस घटना में और कौन-कौन लोग शामिल थे। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर अन्य संदिग्धों की पहचान की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार सभी लोग स्थानीय निवासी हैं और घटना के समय मौके पर मौजूद थे। इलाके में अभी भी पुलिस बल तैनात है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### घटना के खिलाफ टीएमसी का विरोध प्रदर्शन

घटना के बाद पुलिस सुरक्षा के बीच अभिषेक बनर्जी को वहां से निकाला गया था। इसके बाद उन्हें स्वास्थ्य जांच के लिए कोलकाता के दो निजी अस्पतालों में ले जाया गया। हालांकि डाक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि उन्हें भर्ती कराने की आवश्यकता नहीं है।

वहीं, हमले की घटना के खिलाफ हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना सहित विभिन्न जिलों में तृणमूल कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। दूसरी ओर, इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए बंगाल सरकार में वरिष्ठ मंत्री दिलीप घोष ने कहा कि वे (अभिषेक बनर्जी) हीरो बनने क्यों गए थे?

माइण्ड केयर सेन्टर
MIND CARE & E.E.G. CLINIC
डॉ0 दिनेश पाण्डेय
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (साइकियाट्री) बी.एच.यू.
(वरिष्ठ मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं न्यूरोफिजिशियन)
सम्पर्क सूत्रः- 9415203047, 9506699099
मिर्जापुर रोड, निकट-सिटी स्टेशन रेलवे क्रासिंग, पुल के नीचे
जौनपुर दिन- बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार (समय-10 बजे से 5 बजे तक) मो0- 8934932805
लालगंज स्टेट बैंक के सामने, बाईपास रोड, लालगंज, आजमगढ़ (दिन-प्रत्येक वृहस्पतिवार (समय-11 बजे से 4 बजे तक) मो0- 9415203047
वाराणसी सोम-मंगल : सुबह 10 से 2 सुबह/शाम (प्रतिदिन) 6 बजे से 8 बजे तक D33, शिवाजी नगर कालोनी महमूरगंज (आकाशवाणी के पीछे) मो0-9415217568, 9415203047
भदोही दिन- प्रत्येक शनिवार समय 10 बजे से 4 बजे तक भदोही ब्लाक के सामने रेवड़ा फाटक रेलवे क्रासिंग के पास, भदोही मो0-9621979101, 9415203047

20 Year
750/916 Hallmark Jewellery
BIS हालमार्क रजिस्टर्ड एक्सक्लूसिव शोरूम
मानकः पथप्रदर्शकः
HUID HALLMARK
आपके विश्वास व शुद्धता पर खरा
99 19 7320 11
उमाशंकर लाइट हाउस का प्रतिष्ठान
उमाशंकर ज्वेलर्स
संजीव साहू
हरलालका रोड, जौनपुर-222001
RuPay VISA G Pay द्वारा पेमेन्ट की सुविधा उपलब्ध है।

## राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आज आयेंगे जिले में

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन विभाग रविंद्र जायसवाल 01 जून,2026 को जनपद सोनभद्र के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री प्रात: 09:30 बजे सर्किट हाउस वाराणसी से प्रस्थान कर 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचेंगे, जहां वे मेधावी छात्रों के सम्मान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके उपरांत 12:55 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे तथा वहां कुछ समय आरक्षित रहेगा। दोपहर 01:40 बजे मंत्री कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सभागार में आयोजित कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे तथा संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं जनहित के मुद्दों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात् वे अपराह्न 03:15 बजे ग्राम पड़री, परगना/थाना विजयगढ़ पहुंचेंगे, जहां वे राजेश जायसवाल के आवास पर जाकर उनके दिवंगत पुत्र के परिजनों से मुलाकात करेंगे तथा शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता राशि के संबंध में जानकारी प्राप्त करेंगे।

### हास्य कलाकार अभय शर्मा की मिमिक्री पर जमकर लगे ठहाके

# दुद्धी प्रेस क्लब ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**दुद्धी, सोनभद्र।** दुद्धी प्रेस क्लब के तत्वावधान में कस्बे के डी आर होटल में शनिवार रात हिंदी पत्रकारिता दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में क्षेत्र के पत्रकारों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण रहे मशहूर कॉमेडियन अभय कुमार शर्मा, जिन्होंने नेताओं और अभिनेताओं की आवाज में पत्रकारों के चुनौतीपूर्ण जीवन को मंच पर उतारा, जिस पर पूरा सभागार ठहाकों से गूंज उठा।चुनौतियों के बीच पत्रकारिता का धर्मसमारोह के मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय दुद्धी के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रामजीत यादव ने हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला।



बैठक को संबोधित करते वक्ता

उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता बेहद चुनौतीपूर्ण हो गई है। निष्पक्षता और सत्य के मार्ग पर चलते हुए समाज को सही दिशा दिखाना ही पत्रकारिता का वास्तविक धर्म है। दुद्धी प्रेस क्लब ने हमेशा इस धर्म का निर्वहन किया है। हास्य और मिमिक्री का चला जादू कार्यक्रम में विशिष्ट आकर्षण के केंद्र रहे हास्य कलाकार अभय कुमार शर्मा ने अपनी कला से समां बांध दिया। उन्होंने देश के प्रमुख राजनेताओं और फिल्मी सितारों की हूबहू आवाज (मिमिक्री) निकालकर पत्रकारों के दैनिक जीवन और उनके संघर्षों को मजाकिया अंदाज में पेश किया। अभय शर्मा की एक के बाद एक बेहतरीन प्रस्तुतियों पर कार्यक्रम में मौजूद लोग हंसने को मजबूर हो गए और पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

अतिथियों ने सराहा पत्रकारों का जज्बा- समारोह के मुख्य अतिथि इंद्रजीत राय और विशिष्ट अतिथि संजय गौड़ धुर्वे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण और तहसील स्तर पर पत्रकारिता करना कांटों भरी राह पर चलने जैसा है। सीमित संसाधनों में भी पत्रकार दिन-रात जनता की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। नगर अध्यक्ष ने की अध्यक्षता, हुआ सम्मान- कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश मोहन ने की। उन्होंने प्रेस क्लब के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकारों का सम्मान वास्तव में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ का सम्मान है। इसके बाद अतिथियों द्वारा क्षेत्र के कर्मठ पत्रकारों को मंच पर बुलाकर प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न (शील्ड) भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह के सफल मंच का संचालन रमेश यादव और राकेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से बेहद आकर्षक अंदाज में किया। इस दौरान प्रेस क्लब के मुख्य संरक्षक उपेंद्र कुमार तिवारी, अध्यक्ष रमेश यादव,महासचिव रवि सिंह, दैवी शक्ति, इब्राहिम, पप्पू,मनीष, सेराजुल हुद्दा के अलावा महुली, विंढमगंज, म्योरपुर, रेणुकूट, डाला सहित जिले के कई क्षेत्रों के पत्रकार गण एवं विभिन्न पत्रकारिता संगठन के पदाधिकारी, सदस्य और क्षेत्र के तमाम गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पोस्टमार्टम के लिए एक सप्ताह से वाराणसी के बीएचयू में पड़ा है मृतक का शव

**मीरजापुर।** लालगंज तहसील क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए एक सप्ताह से वाराणसी के बीएचयू में पड़ा है। हिंदु रीति रिवाज निभाने के लिए परिजन परेशान हैं। घर में एक सप्ताह से चुल्हा नहीं जल रहा है। पत्नी और बेटो बहुओ का रो रोकर बुरा हाल है। इस मामले में प्रशासन भी असहाय बना रहा।

लालगंज थाना क्षेत्र के तुलसी गांव निवासी 65 वर्षीय मुन्नालाल यादव का कंकाल नुमा शव घर से 3 किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ में रस्सी के फंदे में लटका मिला था। विगत 11 अप्रैल से लापता हुए मुन्ना लाल यादव का शव 45 दिन बाद 26 मई को मिला था।शव मिलने के एक सप्ताह बाद भी स्वजन पोस्टमार्टम एवं शव का अंतिम संस्कार के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन न तो पोस्टमार्टम हो पा रहा है और न उनका अंतिम संस्कार स्वजन कर पा रहे हैं। स्वर्गीय मुन्ना लाल यादव की पत्नी गीता देवी और चार बेटों बहुओं का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। बेटा प्रदुम यादव एवं पत्नी गीता देवी ने बताया कि पोस्टमार्टम के लिए पुलिस द्वारा बीएचयू वाराणसी ले जाया गया लेकिन रेफर हुए कागज में तकनीकी कमी के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो पा रहा है। स्वजन का कहना है कि मीरजापुर के जिला अधिकारी का वाराणसी के डीएम को पत्र जाएगा तब डीएम वाराणसी के आदेश पर सीएमओ मुन्ना लाल यादव के कंकाल का पोस्टमार्टम कराएंगे। इधर मृतक की पत्नी गीता देवी ने बताया कि हिंदू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार जब तक नहीं होगा आत्मा भटकेगी। बिना अंतिम संस्कार के घर में चूल्हा भी नहीं जल पा रहा है किसी तरह बच्चों को दूसरे के यहां भोजन कराया जा रहा है और स्वजन पानी के सहारे और आलू खाकर जिंदा है।तुलसी गांव के रहीम खान व कमलेश कुमार, पूर्व प्रधान बालचंद शुक्ला का कहना है कि मीरजापुर और वाराणसी के जिला प्रशासन को संज्ञान लेते हुए को अभिलंब शव का पोस्टमार्टम के करा कर शव स्वजनों को सौंप देना चाहिए।

इस संबंध में जानकारी देते हुए लहंगपुर चौकी प्रभारी सुजीत कुमार सेठ ने बताया कि बीएचयू में पैनल द्वारा पोस्टमार्टम के लिए मीरजापुर के जिलाधिकारी द्वारा रविवार को वाराणसी के जिलाधिकारी को पत्र जा रहा है सीएमओ द्वारा गठित पैनल से पोस्टमार्टम करेगी।

# मई माह में एनसीएल से 32 कर्मी हुए सेवानिवृत्त

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** मई माह में नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से 4 अधिकारी और 28 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सजन कुमार गोयनका, मुख्य प्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) सेवानिवृत्त हुए। इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अभिनंदन समारोह के दौरान मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। संस्मरणों और शुभकामनाओं से भरा रहा माहौल अभिनंदन समारोह के दौरान टीम एनसीएल ने सजन कुमार गोयनका द्वारा कंपनी की सफलता में दिए गए योगदान तथा कार्य के प्रति उनके समर्पण की सराहना की और उनके सुखद, स्वस्थ और मंगलमय भावी जीवन की कामना की। इसके साथ ही अभिनंदन समारोह में उपस्थित कर्मियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के कार्यकाल से जुड़े संस्मरण भी साझा किए। एनसीएल की सभी परियोजना और इकाइयों में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सम्मान में अभिनंदन समारोह आयोजित किए गए।




## विरांगना महारानी अहिल्याबाई होलकर की मनाई गई जयंती

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामनिहोर यादव की अध्यक्षता में रविवार को भारत की महान विरांगना महारानी अहिल्याबाई होलकर की जयंती मनाई गई।

गोष्ठी का संचालन जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी ने किया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि भारत की महान विरांगना भगवान शिव की अनन्य भक्त प्रेम समर्पण और करुणा की मूर्ति रानी अहिल्याबाई होल्कर कुशल शासिका व नारी सशक्तिकरण की प्रतीक थी। महारानी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन के साथ-साथ शिक्षित और सांस्कृतिक विकास के लिए प्रसिद्ध थी। उन्होंने सामाजिक सांस्कृतिक परियोजनाओं के रूप में कई मंदिरों घाटों पाठशालाओं और धर्मशालाओं का निर्माण करवाया साथ ही भारतीय वास्तुकला के विकास में भी योगदान की थी। नारियों के लिए ऐतिहासिक कार्य की थी। उन्होंने हर वर्ग की गरीब महिलाओं को शिक्षा के माध्यम से जागरूक करने का काम किया और महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद करने की प्रेरणा स्रोत थी। कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार रहें।

कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जो महिलाओं की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का काम कर रहे हैं। यदि महिलाओं एवं हर गरीब वर्ग का भरोसा है तो वह समाजवादी पार्टी है जो हर वर्ग को साथ लेकर चलने का काम करती है। संगोष्ठी में पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव, अनिल प्रधान, अशोक पटेल, डॉक्टर केडी सिंह पटेल, अभय, कामरान खान, सरदार पारब्रह्म सिंह, राजेश शुक्ला, राजनाथ, प्रमोद चंद्र भूषण, कामता, दीपक केसरी, अवनीश पांडे, मिथिलेश सिंह, बंटी, विवेक के साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

### सीएमओ ने नर्सिंग कर्मियों और मरीजों को दिलाई तम्बाकू का सेवन न करने की शपथ

**भदोही।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस रविवार को महाराजा तेजसिंह राजकीय जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में पूरे जोश के साथ मनाया गया। सीएमओ डॉ.एसके चक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ, नर्सिंग कर्मियों और मरीजों ने तम्बाकू के सेवन के खिलाफ एकजुट होकर शपथ ली।

इस दौरान सीएमओ डॉ.एसके चक ने कहा कि तम्बाकू का सेवन किसी भी रूप में हो, शरीर के लिए जहर के समान है। इससे मुंह, गले और फेफड़ों का कैंसर, हृदय रोग, ब्लड प्रेशर और सांस की बीमारियां होती हैं। हर साल लाखों लोग तम्बाकू के कारण असमय मौत के शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग तम्बाकू के विज्ञापनों और फैशन के चक्कर में इस जहर को अपना रहा है। अगर समय रहते इसे नहीं रोका गया तो आने वाली पीढ़ी गंभीर बीमारियों से ग्रस्त हो जाएगी। तम्बाकू मुक्त समाज बनाना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान सीएमओ ने सभी को तम्बाकू का सेवन न करने, दूसरों को इसके लिए प्रेरित करने की बात कहीं। साथ ही शपथ दिलाई कि वे अपने परिवार, मित्रों और मरीजों को तम्बाकू के दुष्प्रभाव बताएंगे और सभी को नशा छुड़वाने में मदद करेंगे।

इस मौके पर डॉ.पीके सिंह सहित अन्य चिकित्सक आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




### बाल-बाल बचा चालक, आवागमन रहा बाधित

# गिट्टी लादकर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलटा

**तरूणमित्र न्यूज**

**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के पास रविवार सुबह गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया।

संयोग ठीक था कि हादसे में ट्रेलर चालक बाल बाल बच गया। मध्यप्रदेश से गिट्टी लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा ट्रेलर जैसे ही लहुरियादह गांव में टाइगर प्वाइंट के आगे पहुंचा तो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना में 30 वर्षीय ट्रेलर चालक संजय निवासी लहुरियादह बाल बाल बच गया।

सूचना पर पहुंचे एसआई सुभाष यादव हेड कांस्टेबल घनश्याम यादव ने घटना की जांच की। ट्रेलर पलटने से एक लेन से आवागमन बाधित हो गया है। वाहन मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले लेन से आवागमन कर रहे हैं। एसआई सुभाष यादव ने बताया कि लहुरियादह गांव में हाइवे पर गिट्टी लदे ट्रेलर के पलटने से एक लेन से आवागमन बाधित हो गया है। पलटे ट्रेलर को हटवाने के एनएचएआई और ट्रेलर मालिक को सूचित कर दिया गया है। जल्द ही पलटे ट्रेलर को हटा दिया जाएगा। एक लेन से वाहनों का आवागमन हो रहा है।



## अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**चुनार (मीरजापुर)।** पुण्य श्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 301वीं जयंती पर रविवार को चुनार नगर श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता के रंग में सराबोर दिखा। अहिल्या बाई होलकर समिति चुनार के तत्वावधान में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में सर्व समाज के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। बूढ़ेनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष मंसूर अहमद व विशिष्ट अतिथि डीएफसी चेयरमैन विजय वर्मा ने लोकमाता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शोभायात्रा के दौरान लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा और नगर में जगह-जगह लोगों ने यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा रविवार को सुबह करीब दस बजे बूढ़ेनाथ मंदिर से शुरू हुई।

## क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी बने डॉ. मौर्य, शिक्षाविदों ने जताई उम्मीद

**मीरजापुर।** उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव सकील अहमद सिद्दीकी के आदेश पर डॉ रमोद कुमार मौर्य को मिर्जापुर का क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति को शिक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए क्षेत्र के शिक्षाविदों ने खुशी जताई है।

श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज लालगंज के प्राचार्य डॉ अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि डॉ. मौर्य के नेतृत्व में क्षेत्र के महाविद्यालयों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा। उनके अनुभव और कार्यशैली का लाभ उच्च शिक्षा संस्थानों को प्राप्त होगा। डॉ डीएन गिरी ने कहा कि नई जिम्मेदारी मिलने से क्षेत्रीय कार्यालय के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता संवर्धन और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ मौर्य अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करेंगे। डॉ लक्ष्मी यादव तथा प्राचार्य डॉ रीना सिंह ने कहा कि डॉ रमोद कुमार मौर्य कुशल प्रशासक, अनुभवी शिक्षाविद और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके कार्यकाल में उच्च शिक्षा से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, समन्वय और गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर डा शिवाली पांडेय, अंबेश्वरी प्रसाद पांडे, सुशील द्विवेदी, शमला पटेल आदि रहे।

## मीरजपुर में चुनार के डा. आर.के. सिंह बने उत्तराखंड उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के निदेशक

**चुनार ( मीरजापुर )।** चुनार क्षेत्र के रामगढ़ कृयात गांव के मूल निवासी और कृषि वैज्ञानिक डॉ. आर.के. सिंह को उत्तराखंड शासन ने प्रदेश के उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग का निदेशक नियुक्त किया है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से न केवल चुनार बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य बलिराम सिंह के तीन पुत्रों में सबसे बड़े डा. आर.के. सिंह की सफलता वर्षों की कठिन मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने दूरभाष पर बताया कि वर्ष 1997 में उनका चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पौध रक्षा अधिकारी के पद पर हुआ था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद से वे वहीं विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं देते रहे हैं। वर्ष 2008 में उप निदेशक, 2017 में संयुक्त निदेशक, 2020 में अपर निदेशक तथा अब निदेशक पद पर उनकी नियुक्ति हुई है। डा. सिंह की शैक्षिक यात्रा भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने हाईस्कूल की शिक्षा श्री शिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हांसीपुर तथा इंटरमीडिएट की पढ़ाई राजकीय इंटर कॉलेज जक्खिनी, वाराणसी से पूरी की। इसके बाद उन्होंने चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से कृषि विज्ञान में परास्नातक तथा नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फैजाबाद से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की।

# जनपद में विशेष नाला सफाई एवं स्वच्छता अभियान प्रारंभ

### जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निकायों में एक सप्ताह तक चलेगा विशेष अभियान

**तरूणमित्र न्यूज**

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में जनपद की नगर पालिका परिषद एवं समस्त नगर पंचायत क्षेत्रों में आज विशेष नाला सफाई एवं स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। यह अभियान आगामी एक सप्ताह तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य वर्षा ऋतु से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करना तथा नगर क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई निगरानी। अभियान के प्रथम दिवस नाला सफाई कार्यों की ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा एवं निगरानी बगीश कुमार शुक्ला अपर जिलाधिकारी ने की।

इस दौरान संबंधित अधिशासी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा उन्हें निर्धारित समय सीमा के भीतर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि नालों से निकाले गए कचरे का समयबद्ध निस्तारण कराया जाए तथा स्वच्छता मानकों का पूर्ण अनुपालन हो।



## अभिनीत बंसल और भारत सिंह को आयकर विभाग ने भेजा नोटिस

**मीरजापुर।** जनपद में गत शुक्रवार को जांच के दौरान एक फार्च्यूनर गाड़ी से बड़ी मात्रा में कैश बरामदग किया गया था। नगदी को चील्ह थाने के लाकर में जमा कराया गया है। इसके बाद प्रकरण के आगे की जांच के लिए आयकर अधिकारियों को सुपुर्द किया गया। आयकर विभाग प्रयागराज ने इंडो ट्रेड वेंचर के मालिक अभिनीत बंसल व भारत सिंह को नोटिस भेजा है। इनको एक सप्ताह में बरामद नगद का विवरण देना होगा। जनपद के मीरजापुर-औराई मार्ग पर चील्ह तिराहे पर गुरुवार रात लगभग दस बजे वाहनों की जांच के दौरान दो फार्च्यूनर वाहनों को पुलिस ने रोका। जांच के दौरान रुपये से भरे आठ बैग बरामद हुए। पुलिस वाहन व रुपये आदि को कब्जे में लेकर थाने ले गई। शुक्रवार सुबह दस बजे नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह ने मौके पर पहुंचे और इंडियन बैंक चील्ह के कर्मचारियों को मशीन के साथ बुलाकर रुपये की गिनती कराई। लगभग तीन घंटे तक चली गिनती के बाद लगभग दो करोड़ रुपये से अधिक धनराशि होना बताया जा रहा है। आयकर उप निदेशक जांच (डीआई) प्रयागराज की ओर से आयकर अधिकारी नरेंद्र कुमार वर्मा द्वारा प्रकरण की जांच की जा रही है।

### सरोई बाजार में आयोजित किया गया ग्रामीण चौपाल एवं सदस्यता अभियान

# केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की जिले पर है विशेष नजर : कमल

**तरूणमित्र न्यूज**

**भदोही।** लोजपा चली गांव की ओर अभियान के तहत लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) द्वारा रविवार को सरोई बाजार में ग्रामीण चौपाल एवं सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पासी समाज सहित सर्व समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस दौरान लोजपा के पूर्वांचल प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव पासी ने कहा कि पार्टी प्रदेश भर में पासी समाज सहित सर्व समाज के गरीब, वंचित एवं शोषित वर्गों की लड़ाई लड़ रही हैं। उनको संगठित करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं भदोही प्रभारी एवं प्रदेश महासचिव कमल तिवारी ने कहा कि जनपद पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान की विशेष नजर है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व भदोही जिले के विभिन्न जनहित एवं सामाजिक मुद्दों को लेकर अत्यंत गंभीर है। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भदोही से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य वरिष्ठ मंत्रियों को पत्र लिख चुके हैं।

उन्होंने कहा कि पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी एवं जमुई सांसद अरुण भारती को भदोही जनपद के प्रभारी है, उनके देख रेख में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। श्री तिवारी ने कहा कि जनपद में पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में पार्टी जिले की राजनीति में महत्वपूर्ण एवं प्रभावी भूमिका निभाएगी। इस मौके पर प्रदेश संगठन महामंत्री धनंजय दुबे, राहुल तिवारी, संतोष दुबे, बिपिन तिवारी, संजीव पांडेय, जितेन्द्र पासी, अवनीश तिवारी, गोविंद पासी सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता पार्टी जिलाध्यक्ष विकास दुबे ने की।



# दुर्घटना में ऑटो चालक की गई जान

**बक्शा।** थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर शिवगुलामगंज बाजार के समीप शनिवार की रात एक पुलिया के पास हुई दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत हो गई। पुलिस रविवार सुबह अज्ञात वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

मछलीशहर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी 55 वर्षीय संजय रात लगभग दो बजे अपना ऑटो रिक्शा लेकर जिला मुख्यालय की तरफ जा रहा था। रात में ही राहगीरों ने देखा कि उक्त मार्ग पर शिवगुलाम बाजार के समीप एक पुलिया के पास डिवाइडर पर ऑटो चालक घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। राहगीरों ने सूचना पुलिस को दी तो सूचना पर मौके पर पहुंची बक्शा थाना की पुलिस 108 एम्बुलेंस सेवा से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को मर्चरी भेज मृतक परिवार की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

## युवक पर लाठी-डंडे एवं चाकू से हमला

**बक्शा।** बक्शा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में चुनावी रंजिश को लेकर शनिवार की रात्रि साढ़े आठ बजे मनबढ़ों ने युवक पर लाठी डंडों एवं चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवक को इलाज हेतु जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर प्रधान सहित कुल छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी मोहम्मद गुलाम रात्रि साढ़े आठ नौपेड़वा बाजार से घरेलू सामान खरीदकर घर जा रहे थे। आरोप है कि गुलाम हाइवे पर राजा होटल के पहले बने ब्रेकर पर पहुँचे ही थे तभी बुलेट मोटरसायकिल से गांव निवासी शमसी ने मुझे रोक लिया। उसी दौरान बाइक से पीछे से पहुंचे राशिद, हमजा, माबिया शमीर एवं साजिशकर्ता ग्राम प्रधान गुफरान ने लाठी डंडे एवं चाकू से हमलाकर बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीणों के पहुँचने पर आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन ने घायल युवक सीएचसी अस्पताल ले गए जहां बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जर्नलिस्ट यूनियन ने संगोष्ठी कर याद किया उदन्त मार्तण्ड का सफर

**जौनपुर।** देश में हिन्दी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास और समसामयिक चुनौतियों पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के तत्वाधान में जिला कैंप कार्यालय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। हिन्दी पत्रकारिता दिवस के इस विशेष अवसर पर उपस्थित पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने देश के पहले हिन्दी पत्र उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के ऐतिहासिक 200 वर्ष पूरे होने पर विस्तृत चर्चा की।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के जिला अध्यक्ष विजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि आज का दिन हर हिन्दी पत्रकार के लिए आत्ममंथन का दिन है। पंडित युगल किशोर शुक्ल ने जिस निष्पक्षता और जीवटता के साथ उदन्त मार्तण्ड की नींव रखी थी, आज के डिजिटल युग में भी उस पत्रकारीय मूल्य और विश्वसनीयता को बचाए रखना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष व संपादक आदर्श कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने स्वतंत्रता आन्दोलन से लेकर आज तक समाज को दिशा देने का काम किया है। 200 वर्षों का यह सफर इस बात का गवाह है कि हिन्दी जन-जन की भाषा है और इसकी पत्रकारिता सीधे आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई लड़ती है। इसी क्रम में वरिष्ठ पत्रकार व यूनियन के कोषाध्यक्ष यशवन्त कुमार गुप्त ने भी अपने वक्तव्य में बदलते दौर में पत्रकारों की सुरक्षा और निष्पक्ष पत्रकारिता के सामने खड़ी चुनौतियों पर बल दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक भले बदल गई हो, लेकिन पत्रकारिता का मूल सिद्धांत सत्य और जनसरोकार आज भी वही है। संगोष्ठी में लाल बहादुर यादव, सीएम पाण्डेय, जुबेर अहमद और ऋतिक अरोरा ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि युवा पत्रकारों को हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेनी चाहिए और खबरों की सत्यता जांचने के बाद ही उसे समाज के सामने लाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित पत्रकारों में प्रेम प्रकाश मिश्र, दीपक चिटकारिया, प्रमोद कुमार पाण्डेय, रमाशंकर पाठक, ओमप्रकाश यादव, मोहर्रम अली, राजेश कुमार गुप्त, मनीष कुमार गुप्त, सचिन श्रीवास्तव, दयालु अस्थाना, नरेन्द्र कुमार गिरी, देवेश कुमार मिश्र, गंगा प्रसाद चौबे, अमरेश कुमार पाण्डेय, विजय प्रताप सिंह, चन्द्र मणि पाण्डेय सहित अनेक पत्रकार शामिल होकर पत्रकारिता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन महामन्त्री सन्तोष सोन्थालिया ने किया।



संगोष्ठी में भाग लेते विजय प्रकाश मिश्र एवं संपादक आदर्श कुमार समेत अन्य।

## जहर खाकर महिला ने दी जान

**जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरसंड गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने शनिवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिवार वालों को पता चलने पर भर में उसे जिला अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। उक्त गांव की 30 वर्षीया कुसुमलता पत्नी रिंकू प्रजापति रात किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हो गया जिसे क्षुब्ध होकर कुसुम लता ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। घरवालों ने सोचा गुस्सा उतर जाने पर वह बाहर आएगी। भोर में खिड़की से किसी की नजर कमरे के अंदर पड़ी तो कुसुमलता फर्श पर पड़ी थी तथा उसके मुंह से झाग निकल रहा था। तत्काल उसे ले जाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## ट्रेन से गिरकर वृद्ध की मौत

**जौनपुर।** वाराणसी फैजाबाद रेलवे प्रखंड शाहगंज रेलवे स्टेशन के निकट किसी ट्रेन से गिरकर रविवार दोपहर लगभग 50 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची शाहगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नियमानुसार 72 घंटे के लिए जिला अस्पताल लाश घर में रखवा दिया और उसकी पहचान करवाने के प्रयास में जुटी हुई है। मृतक नीले कलर की शर्ट और स्लेटी कलर का लोअर एवं खादी तरह का गमछा ओढ़े हुए था।

## कांग्रेसियों ने मनाई अहिल्याबाई होलकर की जयंती

**जौनपुर।** राजमाता अहिल्याबाई होलकर भारतीय इतिहास की एक कुशल प्रशाशिका, न्यायप्रिय, विदुषी,आदर्श नारी के रूप में सुविख्यात है। उक्त बातें राजमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती पर शहर कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में आयोजित कार्यक्रम में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने राजसिंहासन को तपस्थली और अपने पूरे जीवन को समाज के उद्धार, व विकास में समर्पित कर दिया। आरिफ खान ने आगे कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने अपने राज्य में कृषि, व्यापार शिक्षा, जलाशयों और मार्गो का व्यापक पैमाने पर निर्माण करके पूरे भारत में ख्याति प्राप्त किया, वे महिलाओं की शिक्षा की प्रेरक रही, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मुखर होकर प्रतिरोध करने की उनकी इच्छा शक्ति ने अहिल्याबाई होलकर को पूरी दुनिया में लोकमाता के नाम से प्रसिद्ध प्राप्त हुई। कांग्रेस नेता आरिफ खान ने आगे कहा कि मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार, जलाशयों का निर्माण उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य था, काशी, मथुरा, उज्जैन आदि धार्मिक स्थलों का पुनर्निर्माण अहिल्याबाई होलकर की देन है, वे भगवान शिव की भक्त थीं, उनका आदर्श व न्यायप्रिय जीवन देश व दुनिया को प्रेरणा देता रहेगा। उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस मौके पर लाल प्रकाश पाल, एडवोकेट अश्विनी मौर्य, अरविंद यादव, सभासद शाहनवाज मंजूर, डॉ. दिवाकर मौर्य, मोहम्मद ताहिर, तौसीफ अहमद राजू, हैदर अली, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद आमिर, समीर आदि उपस्थित रहे।

## क्रासिंग गेट तोड़ने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जौनपुर।** रविवार शाम रेलवे क्रॉसिंग गेट तोड़कर भाग रहे चालक को वाहन समेत आरपीएफ ने दबोच लिया और सुसंगत धाराओं में उसे निरूद्ध करने के बाद चालान कर वाराणसी न्यायालय भेज दिया। बताया जाता है कि वाराणसी फैजाबाद अयोध्या रेलवे प्रखंड जौनपुर जंक्शन के निकट क्रॉसिंग गेट संख्या 43 ए लुधियाना से धनबाद को जाने वाली गंगा सतलज किसान एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 13308 के जौनपुर जंक्शन पहुंचने के लिए समय लगभग 6:30 बजे गेट को बंद किया गया था। इसी दौरान तेज गति से वाहन लेकर आ रहे चालक ने गेट को क्षतिग्रस्त कर दिया और भागने की फिराक में रहा। इसी दौरान सूचना हो मिलने पर एस आई कैलाश कुमार साथी जवानों के साथ मौके पर पहुंचकर वाहन समेत चालक को दबोच दिए और आगे की कार्यवाही करने में जुऊ गए। हालांकि लगभग गेट टूटने से घंटा भर मैन्युअल पर ट्रेनों का संचालन किया है।

## कीटनाशक के सेवन से दो की हालत खराब

**जौनपुर।** अलग-अलग स्थानों पर कीटनाशक के सेवन से दो लोगों की हालत खराब हो गई। दोनों का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। बताया जाता है कि जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी आशीष पांडेय उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र राम अवध पांडेय शनिवार रात्रि परिजन से हुई किसी बात से नाराज होकर कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। हालांकि जब परिजन को जानकारी हुई तो उसे जिला अस्पताल पहुंचा कर भर्ती करवाए। इसी प्रकार सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के चक्र अरुण पुर गांव में कमला प्रसाद उम्र लगभग 38 वर्ष पुत्र लालता प्रसाद ने परिजन से हुई कहा सुनी के बाद चूहा मार दवा का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी परिजन परिजन तुरंत जिला अस्पताल पहुंचा कर दाखिल करवाए।

## धूम्रपान न करने का लिया संकल्प

**जौनपुर।** नगर के कटघरा नया बदलापुर पड़ाव स्थित शुभम डेंटल हॉस्पिटल पर रविवार को तंबाकू निषेध दिवस पर स्वास्थ गोष्ठी आयोजित किया गया। इस मौके पर दंत व मुख रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रमोद ने लोगों को तम्बाकू न लेने वह नशा न करने का शपथ दिलाया। डॉ. प्रमोद ने तंबाकू, धूम्रपान के कुप्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि कुछ लोग शौक में तो कुछ लोग आदत के अनुसार तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू के सेवन से कैंसर, ह्रदयाघात जैसी बीमारी होती है। मुंह में छाला होना, मुंह में या गाल में गांठ होना, पूरा मुंह न खुलना, मुंह से खून आना ये सब मुंह कैंसर के सामान्य लक्षण हो सकते हैं। आज के आधुनिक दौर में युवा पीढ़ी नशे की ओर भाग रही है। यह अप्रत्यक्ष रूप से भी शरीर को नुकसान पहुंचाती हैं।

# युवक का तमंचा लहराते वीडियो वायरल

**जौनपुर।** जनपद के केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरोज बड़ेबर गांव निवासी एक युवक का कथित तौर पर अवैध देसी कट्टा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

जबकि तरुणमित्र समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा युवक साहिल यादव उर्फ बंटी, पुत्र बबलू यादव है। वीडियो में युवक कथित रूप से हाथ में देसी तमंचा लिए नजर आ रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने चिंता जताई है कि कम उम्र के युवाओं में सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने की होड़ बढ़ती जा रही है। कई बार लाइक, व्यूज और फॉलोअर्स के चक्कर में युवा ऐसे कदम उठा लेते हैं, जो उनके लिए कानूनी परेशानी का कारण बन सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस उम्र में युवाओं को शिक्षा, खेलकूद और अपने भविष्य के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए, उस उम्र में हथियारों के साथ वीडियो बनाना समाज के लिए चिंताजनक संकेत है। फिलहाल वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। यदि वीडियो में दिखाई गई गतिविधि और हथियार अवैध पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ विधिक कार्रवाई होनी तय है सोशल मीडिया पर वायरल होने की चाहत युवाओं को गलत रास्ते पर न ले जाए, इसके लिए अभिभावकों और समाज दोनों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

## विद्युत शार्ट-सर्किट से मड़हे में लगी आग

**जौनपुर।** जफराबाद थाना क्षेत्र के कोड्डा गांव में रविवार को विद्युत शार्ट सर्किट से मड़हे में आग लग गयी। जिसमें एक गाय मर गयी। तीन अन्य पशु भी गम्भीर रूप से जल कर जख्मी हो गए। ऊक्त गांव निवासी शिवनाथ शुक्ल के दरवाजे पर पशुओं के बांधने व चारा, भूसा रखने के लिये मड़हा बना था। अचानक एक मड़हे में विद्युत शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी के कारण मड़हे में आग लग गयी। जब तक लोग कुछ कर पाते आग ने गम्भीर रूप ले लिया। लोगों ने किसी प्रकार आग से बचते हुए पशुओं को बाहर निकाला। आग की चपेट में आकर एक गाय मर गयी। एक दूसरी गाय, एक बछड़ा,एक भैंस की पड़िया भी काफी गम्भीर रूप से झुलस गए है। कुछ अन्य पशु भी मामूली रूप से जले है। आग को ग्रामीणों ने किसी प्रकार बुझाया। हालांकि घटना की सूचना पर चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह, एसआई मुख्तार राम मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। फायर विभाग का दमकल ने भी पहुंच कर आग बुझाने में मदद किया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने लेखपाल को दे दिया है।

# देवेंद्र बने नए जिला विद्यालय निरीक्षक

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने शिक्षा विभाग में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। माध्यमिक शिक्षा अनुभाग-6 द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, चंदौली में तैनात प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण कर उन्हें का नया प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक नियुक्त किया गया है। शासन द्वारा यह आदेश 31 मई को संयुक्त सचिव संदीप परमार के हस्ताक्षर से जारी किया गया।

शासन द्वारा जारी कार्यालय-ज्ञाप में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि स्थानांतरित अधिकारी बिना किसी प्रतिस्थानी (रिप्लेसमेंट) की प्रतीक्षा किए तुरंत अपने नए पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस प्रक्रिया के लिए उन्हें किसी भी प्रकार का अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। इसके साथ ही, शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/बेसिक) को निर्देशित किया गया है कि वे संबंधित अधिकारी को तत्काल प्रभाव से उनके वर्तमान पद से मुक्त करें। शासन ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समय के भीतर कार्यभार न संभालना घोर अनुशासनहीनता माना जाएगा। साथ ही, जो भी सक्षम अधिकारी इस स्थानांतरण आदेश का पालन करने में ढिलाई बरतेंगे या कर्मी को कार्यमुक्त नहीं करेंगे, उनके खिलाफ भी सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस महत्वपूर्ण आदेश की प्रतिलिपि महानिदेशक (स्कूल शिक्षा), शिक्षा निदेशक (माध्यमिक/ बेसिक), संबंधित मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, और कोषाधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही और सूचना के लिए भेज दी गई है।

# भाजपाईयों ने सुनी पीएम के मन की बात

**जौनपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश की जनता को सम्बोधित मन की बात का लाइव प्रसारण रविवार को पूर्वान्ह 11 बजे नगर के एक होटल के हॉल में आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री को सुना। कार्यक्रम में राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव ने कहा कि मन की बात का 134वें एपिसोड में जनपद लाइव जुड़कर प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी बातों को सुना गया।



पीएम के मन की बात सुनते लोग।

जिसमें उन्होंने भारत की प्राचीनतम चीजों, नदियों और युवाओं आदि के बारे में मार्गदर्शन किया। उनके इस प्रेरणादायी मार्गदर्शन को हम सभी अपने जीवन में उतारकर जनता के बीच ले जाने का कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि 134वें महीने में जौनपुर जिला मन की बात के लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री से जुड़ा और उनकी बातों को सुना। यह जिले के लिए बहुत गौरव का पल है। प्रधानमंत्री ने गरीब जनता के विषय में बात किया। गर्मी में लू से बचाव हेतु आम के पना के सेवन करने की बात की और छोटी-छोटी बातों का जिक्र देश की जनता के बीच किया। श्री प्रजापति ने कहा कि समाज में जो लोग अच्छा काम कर रहे हैं उनकी सराहना करनी चाहिए। इससे औरों को प्रेरणा मिलेगी और प्रधानमंत्री के विकसित भारत का सपना निश्चित रूप 2047 में पूरा होगा। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी विजय बहादुर पाठक, काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, महामंत्री अशोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, सुधांशु सिंह, बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्र, पूर्व सांसद डा. कृष्ण प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री प्रतिनिधि अजय सिंह, नगर पालिका चेयरमैन मनोरमा मौर्या, डा. अंजना सिंह, अंजना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह, अंजू पाठक, कृष्ण कुमार जायसवाल, करंजाकला ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, सुलभ श्रीवास्तव, डा. कमलेश, कुंवर प्रदीप सिंह, धर्मपाल कन्नौजिया, जसविन्दर सिंह, विपिन सिंह, धर्मेन्द्र मिश्रा, प्रदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# राना सिंह को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**जौनपुर।** पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए राना सिंह (ठाकुर राना सिंह) को सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भोपाल (मध्य प्रदेश) द्वारा विद्या वाचस्पति (डॉक्टरेट) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने डिजिटल मीडिया उपभोग करने में युवाओं की प्रवृत्ति का अध्ययन विषय पर शोध कार्य पूरा किया। उनकी इस सफलता पर पत्रकारिता, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने इसे पूरे क्षेत्र और पत्रकारिता जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। राना सिंह ने अपने शोध कार्य में युवाओं के बीच डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव, उसकी उपयोग प्रवृत्तियों तथा सामाजिक प्रभावों का गहन अध्ययन किया। व्यापक डेटा संग्रहण एवं विश्लेषण के आधार पर प्रस्तुत उनके शोध निष्कर्षों को विशेषज्ञों ने सराहते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान बताया। मौखिकी (फाइनल वायवा) परीक्षा के दौरान शोध निर्देशक डॉ. संदीप श्रीवास्तव, विशेषज्ञ डॉ. चंदन गुप्ता, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के डीन डॉ. संजीव गुप्ता, सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी के शोध विभाग के प्रोफेसर डॉ. अखिलेश सिंह, डॉ. रश्मि सिंह एवं डॉ. सुनील सहित अन्य शिक्षाविदों ने उन्हें बधाई दी।

पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कहा कि राना सिंह ने अपनी मेहनत, लगन और अध्ययनशीलता के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने विश्वास जताया कि राना सिंह अपने ज्ञान, शोध और अनुभव के माध्यम से पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित करेंगे तथा समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करेंगे। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. मनोज मिश्र ने कहा कि डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है और इस प्रकार के शोध समाज, शिक्षा जगत तथा नीति-निर्माताओं के लिए उपयोगी सिद्ध होंगे। इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार जगत से जुड़े शिक्षकों, शोधार्थियों, पत्रकारों और शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

## जन आरोग्य मेले में 35 मरीजों का किया गया उपचार

**तेजीबाज़ार।** स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेले में मरीजो के खून की जांच की गयी और वही दवा का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस संबंध में डॉ0 श्री निवास निगम ने बताया कि मुख्यमंत्री योजना के तहत प्रा0स्वा0 केंद्र तेजीबाज़ार पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें आज 35 मरीज आये थे। सभी का चेकअप किया गया और मर्ज से संबंधित उन्हे दवा भी उपलब्ध करायी गयी। अत्यधिक पड़ रही गर्मी से बचाव के उपाय बताये गये तथा ओआरएस का पावडर दिया गया। बताया गया कि बेवजह धूप में न निकले, जो भी कार्य हो सुबह ही निपटा ले। वही गर्भवती महिलाओ और धात्रियों का एनम रम्भा सिंह के द्वारा वजन और चेकअप किया गया महिलाओं को विभिन्न सावधानिया बरतने की सलाह देते हुए आयरन, कैल्सियम और विटामिन की दवा उपलब्ध करायी गयी। इस दौरान फ़र्मासिस्ट, वार्डवाय, एलटी, दिलीप यादव, साहुल सहित लाभार्थी उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

**बक्शा।** बक्शा विकास खण्ड के चक दऊदहा गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव के प्रथम दिन रविवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से चलकर गांव भ्रमण करते हुए सात मन्दिर एवं डीह स्थल से भ्रमण करते हुए पुन: यज्ञ स्थल पहुंची। कलश यात्रा में सम्मिलित महिलाओं युवतियों ने घड़े में जल लेकर जय जयकारों के साथ रवाना हुई तो मौजूद वातावरण भक्तिमय हो गया। गांजे-बाजे के साथ चल रही महिलाएं भक्तिमय माहौल में गीत गाते हुए तो युवक जय जयकारों के उदघोष के साथ नाचते गाते चल रहे थे जो आकर्षण का केंद्र बना रहा। यज्ञाचार्य कथा वाचक पण्डित धर्मराज तिवारी महाराज ने बताया कि विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार से यज्ञ स्थल पर मंगल कलश यात्रा पश्चात वेदी निर्माण, पूजन एवं कथा महात्म्य का आयोजन हुआ। शाम को कथा ब्यास महाराज ने कुंती चरित्र परीक्षित श्राप एवं कपिल देवहूति संवाद की कथा श्रवण करवाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा संकल्प मात्र से जीवन का उद्धार हो जाता है। कथा ब्यास ने कहा कि कलयुग में पापी भी अगर सात दिन बैठकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर ले तो उसे भी कष्ट से मुक्ति मिल जाएगी।

कथा के अंत में आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान अवधेश पाण्डेय, शकुंतला देवी, रमाशंकर पाण्डेय बाबा, फौजदार पाण्डेय, शैलेन्द्र पाण्डेय, मंजू पाण्डेय, डॉ. संदीप पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, धर्मेश पाण्डेय अधिवक्ता, हंस पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, मंगल पाण्डेय, आदित्य, जय पाण्डेय, यश पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिले शिवबाबा

**सिंगरामऊ।** सिंगरामऊ रियासत के राजा कुंवर मृगेंद्र सिंह शिवबाबा ने शनिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते हुए क्षेत्र के धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व संरक्षा के लिए विशेष पहल करने की बात कही। उनके साथ सिंगरामऊ युवा मोर्चा के अध्यक्ष वरुण सिंह भी मौजूद रहे।



सीएम से मुलाकात करते शिवबाबा।

उन्होंने बदलापुर विधान सभा के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पुरातन धार्मिक स्थलों, प्राचीन जलाशयों, उपेक्षित पड़े स्थानों को चिह्नित कर पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित कर उन्हें संरक्षित व सुरक्षित किए जाने का आग्रह किया। क्षेत्र में स्थित पौराणिक धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थल के लिए विकसित किए जाने से इन ऐतिहासिक धरोहरों को संजोया जा सकता है। जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक ऐतिहासिक धरोहर के रूप में स्थापित होगी। साथ ही उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का मुद्दा उठाते हुए सरकार द्वारा उसे अतिशीघ्र पूरा करने की मांग रखी। जिसे मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए जल्द ही इन सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

# तम्बाकू का सेवन एक गम्भीर मानसिक बीमारी : डॉ. हरिनाथ यादव

## श्री कृष्णा न्यूरो एवं मानसिक रोग चिकित्सालय में तम्बाकू निषेध दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**जौनपुर।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर श्री कृष्णा न्यूरो एवं मानसिक रोग चिकित्सालय, नईगंज में एक विशेष जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सालय के प्रबंध निदेशक एवं प्रख्यात न्यूरो साइकेट्रिस्ट विशेषज्ञ डॉ. हरिनाथ यादव ने उपस्थित लोगों और मरीजों को तम्बाकू के जानलेवा प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डॉ. हरिनाथ यादव ने बताया कि तम्बाकू का सेवन केवल एक बुरी आदत या शौक नहीं है, बल्कि मेडिकल साइंस (डीएसएम-पांच) के अनुसार यह एक गंभीर मानसिक बीमारी है, जिसे टोबैको यूज़ डिसऑर्डर कहा जाता है। उन्होंने वैज्ञानिक तथ्यों के साथ तम्बाकू के खतरों और इसे छोड़ने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डाला। डॉ. यादव ने बताया कि तम्बाकू में मौजूद निकोटीन इंसान के दिमाग को अपना गुलाम बना लेता है। निकोटीन सेवन के मात्र सात सेकंड के भीतर दिमाग के रिवॉर्ड पाथवे पर कब्जा कर लेता है और डोपामाइन (खुशी का अहसास कराने वाले न्यूरोकेमिकल) का एक नकली चक्र शुरू करता है। इसके बाद धीरे-धीरे दिमाग इस नकली डोपामाइन का आदी हो जाता है। जब इंसान तंबाकू नहीं लेता, तो दिमाग में तीव्र छटपटाहट, अत्यधिक गुस्सा, घबराहट और चिड़चिड़ापन शुरू हो जाता है, जिसे निकोटीन विड्रॉल कहते हैं। इसी मानसिक मजबूरी के कारण लोग चाहकर भी इसे छोड़ नहीं पाते। निदेशक डॉ. यादव ने सचेत किया कि तम्बाकू सिर्फ फेफड़ों को ही नहीं बल्कि सिर से लेकर पैर तक पूरे सिस्टम को तबाह कर देता है। तम्बाकू नसों को सिकोड़कर खून को गाढ़ा कर देता है जिससे दिमाग में थक्के जम जाते हैं और पैरालिसिस या स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। लम्बे समय तक सेवन से सोचने-समझने की क्षमता खत्म होने लगती है और अल्जाइमर का खतरा 40 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यह दिमाग के नेचुरल सेरोटोनिन और डोपामाइन को सुखा देता है जिससे व्यक्ति गहरे अवसाद (डिप्रेशन) में चला जाता है।



डा. हरिनाथ यादव।

इससे मुँह, जीभ, गले, भोजन नली और फेफड़ों का जानलेवा कैंसर हो सकता है। धमनियों में ब्लॉकेज के कारण बेहद कम उम्र में साइलेंट हार्ट अटैक आना सामान्य हो जाता है। डॉ. यादव ने समाज को यह संदेश दिया कि इस मानसिक गुलामी से पूरी तरह छुटकारा पाना संभव है, बशर्ते सही चिकित्सीय सलाह ली जाए। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी में पैच या गम के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से धीरे-धीरे लत को कम किया जाता है। न्यूरो-साइकियाट्री में ऐसी आधुनिक एंटी-क्रैविंग दवाएं उपलब्ध हैं जो तंबाकू की तीव्र इच्छा को दिमाग के स्तर पर ही ब्लॉक कर देती हैं। बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी) के माध्यम से काउंसिलिंग और व्यवहार परिवर्तन तकनीकों द्वारा मरीज को मानसिक रूप से मजबूत बनाया जाता है ताकि वह दोबारा इस जाल में न फंसे। संगोष्ठी के समापन पर डॉ. हरिनाथ यादव ने चिकित्सालय स्टाफ और वहां मौजूद सभी नागरिकों को जीवन भर तम्बाकू और किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. प्रतिमा यादव, डॉ. सुशील यादव, नितिन, शिव बहादुर, लालजी एवं समस्त हॉस्पिटल स्टाफ, मरीज एवं उनके परिजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुआ स्मृति द्वार का लोकार्पण

**जौनपुर।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर उनकी स्मृति में निर्मित स्मृति द्वार के लोकार्पण समारोह का आयोजन रविवार को विधायक रमेश चंद्र मिश्र के श्री कमलम जनसंपर्क कार्यालय के सामने में भव्य रूप से संपन्न हुआ। समारोह में सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोकरण पटेल ने की, जबकि संचालन भाजपा युवा मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री पवन पाल ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विकास पाल रहे। सभी अतिथियों ने स्मृति द्वार का लोकार्पण कर लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रसिद्ध गायिका चांदनी ने अपनी मधुर एवं सुरीली आवाज में भजन एवं देवी गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सांगीतिक कार्यक्रम ने समारोह में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण का संचार किया। मुख्य अतिथि डॉ. विकास पाल ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासक थीं जिन्होंने जनकल्याण, धर्म, संस्कृति और सुशासन के क्षेत्र में अमिट योगदान दिया।

उनका जीवन समाज सेवा और लोकहित के लिए समर्पित था। अहिल्याबाई की स्मृति में निर्मित यह स्मृति द्वार आने वाली पीढ़ियों को उनके महान योगदान की याद दिलाता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तिकरण और आदर्श शासन व्यवस्था की प्रतीक हैं। उनके विचार आज भी समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं और युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि भाजयुमो काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री पवन पाल ने कहा कि लोकमाता के आदर्श समाज में समरसता, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने युवाओं से उनके जीवन चरित्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं बदलापुर विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने सभी अतिथियों, आगंतुकों एवं क्षेत्रवासियों का स्वागत, अभिनंदन एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय संस्कृति, सुशासन और जनसेवा की सशक्त प्रतीक हैं। उनके जीवन से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और विकास पहुंचाने की प्रेरणा मिलती है। इस मौके पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के प्रतिनिधि अजय सिंह, राजनारायण पटेल, शोभनाथ पटेल (जिलाध्यक्ष, शिक्षक मंच, अपना दल एस), उमाशंकर पाल, अंशू मौर्या जिला मंत्री भाजपा, रागिनी सिंह (जिलाध्यक्ष, महिला मोर्चा भाजपा), भाजपा नेत्री राखी सिंह, रीना विश्वकर्मा, पुष्पा निषाद, बेचन सिंह, मीडिया प्रभारी सूरज पटेल, रामसुमेर पटेल, वंश बहादुर पाल, रामसुंदर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

तरुणमित्र

सोमवार, 01 जून 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष.- 01

# बरदान या अभिशाप

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) मानव इतिहास की सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति जरूर है लेकिन, इससे अतिशयोक्तिपूर्ण अपेक्षाओं की हवा अब निकलने लगी है। यह समझ लेना कि एआइ मानव संसाधन का स्थान ले लेगा वास्तविकता को बढ़ा-चढ़ाकर आंकने जैसा है। एआइ, दरअसल एक मशीन ही है और इससे काम लेने के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता हमेशा रहेगी। प्रतिष्ठित ग्लोबल रिसर्च कंपनी 'गार्टनर' की हालिया रिपोर्ट एआइ की उपयोगिता और उस पर हो रहे अंधाधुंध खर्च को लेकर तीखे सवाल खड़े कर रही है। यह चर्चा अब तेज हो रही है कि क्या एआइ का 'बुलबुला' (हाइप) फूटने की कगार पर है? वैश्विक स्तर पर एआइ के विकास को समझने के लिए गार्टनर की 'हाइप साइकल फॉर जेनरेटिव एआइ' सटीक पैमाना माना जा सकता है। इसमें यह बताया गया है कि कोई भी नई तकनीक पांच चरणों से गुजरती है। एआइ अब 'अतिशयोक्तिपूर्ण उम्मीदों के शिखर' को पार कर 'मोहभंग के दौर' में प्रवेश कर चुका है। कंपनियों ने एआइ से जो तात्कालिक वित्तीय लाभ और उत्पादकता में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद की थी, वह धरातल पर वैसी साबित नहीं हो रही है। एआइ प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन की अत्यधिक लागत, डेटा सुरक्षा की चिंताएं और एआइ की गलत या भ्रामक जानकारियां इसके मुख्य कारण हैं।*

*'गार्टनर' की रिपोर्ट में चेतावनी है कि कम से कम 30 फीसदी जेनरेटिव एआइ प्रोजेक्ट भारी लागत और अपना स्पष्ट वैल्यू साबित न कर पाने के कारण शुरुआती दौर के बाद बंद हो सकते हैं। इस तकनीकी अति-उत्साह का सबसे दुखद प्रभाव मानव संसाधन पर पड़ा है। वैश्विक टेक दिग्गजों ने एआइ को अपनाकर लागत कम करने के नाम पर लाखों कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनियों को लगा कि एआइ कोडिंग, कंटेंट निर्माण और ग्राहक सेवा जैसे काम बिना किसी इंसानी मदद के संभाल लेगा। लेकिन एआइ अभी तक जटिल निर्णय लेने, रचनात्मकता दिखाने और मानवीय संवेदनाओं को पूरी तरह समझने में अक्षम साबित हुआ है। उल्टे छंटनी की वजह से कंपनियों ने अपने सबसे मूल्यवान 'संस्थागत ज्ञान' को खो दिया है। यह स्थिति कंपनियों के लिए 'पछतावे का सबब' बन सकती है। गनीमत है कि भारत में एआइ अपनाने के मामले में अपेक्षाकृत सावधानी बरती जा रही है। ज्यादातर कंपनियों ने अंधाधुंध छंटनी करने की बजाय अपने कर्मचारियों को एआइ कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया है। 'एआइ घोड़े' (मशीन) को अपनाने की बेहतर रणनीति यही है कि धीरे-धीरे उसे परिपक्व होने दिया जाए और साथ ही साथ मानव संसाधन को भी उसकी सवारी करने के लिए तैयार किया जाए। एआइ के कारण 'जॉब स्ट्रक्चर' में व्यापक बदलाव होना अवश्यम्भावी है, पर इसे सहजता से मानव जीवन का हिस्सा बनने दिया जाना समय की पुकार है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- आज रात्रि 7/09 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग, शेष समय में समस्याओं का समाधान, धनागम का सुअवसर।

**वृषभ**- आज रात्रि 7/09 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

**मिथुन**- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख शांति का वातावरण, आपसी गलतफहमियां दूर होने को, पारिवारिक सौहार्द।

**कर्क**- व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आकस्मिक लाभ, विचारित योजना पूर्ण।

**सिंह**- आज रात्रि 7/09 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव, शेष समय में सद्विचारों का उदय।

**कन्या**- आज रात्रि 7/09 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन, शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छापूर्ति में बाधा।

**तुला**- समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, कुछेक मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

**वृश्चिक**- ग्रहस्थिति अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय के विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग।

**धनु**- आज रात्रि 7/09 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, कार्यों के प्रति उदासीनता, शेष समय अनुकूल, मन प्रसन्न, भौतिक साधन सुलभ।

**मकर**- आज रात्रि 7/09 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में, शेष समय व्यवधानकारक, प्रतिष्ठा में कमी, धर्म के प्रति अरुचि।

**कुम्भ**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आकस्मिक लाभ।

**मीन**- दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, प्रियजनों मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ।

-: श्री विमल जैन :-

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722

# अमेरिका की अधिकतम दबाव और सौदेबाजी की रणनीति






वैश्विक स्तरपर ईरान और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच चल रहा वर्तमान टकराव 2026 की सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय घटनाओं में से एक बन चुका है। स्थिति इतनी जटिल हो गई है कि एक तरफ दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठे दिखाई देते हैं, जबकि दूसरी तरफ सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंध, नौसैनिक नाकाबंदी और युद्ध की चेतावनियां लगातार जारी हैं। पूरी दुनियाँ की नजर इस संकट पर टिकी हुई है क्योंकि यह केवल दो देशों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, परमाणु प्रसार, महाशक्ति प्रतिस्पर्धा और विश्व अर्थव्यवस्था का प्रश्न बन चुका है। सबसे बड़ा और ताज़ा अपडेट यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने ही वार्ताकारों द्वारा तैयार किए गए मसौदा समझौते में नए बदलाव और अधिक कठोर शर्तें जोड़ने की मांग की है। रिपोर्टों के अनुसार व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद ट्रंप ने परमाणु कार्यक्रम, संवर्धित यूरेनियम भंडार और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ से जुड़ी भाषा को और सख्त करने का निर्देश दिया है। इससे वह समझौता, जिसे कुछ दिन पहले लगभग अंतिम माना जा रहा था, फिर से अनिश्चितता में फंस गया है।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वर्तमान संकट की सबसे दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप के बयान लगातार बदलते रहे हैं। कभी वे कहते हैं कि समझौता लगभग तैयार है,कभी कहते हैं कि उन्हें कोई जल्दबाजी नहीं है, और फिर यह भी स्पष्ट करते हैं कि यदि ईरान अमेरिकी शर्तें नहीं मानता तो सैन्य विकल्प पूरी तरह खुला रहेगा। इस बदलते रुख ने न केवल तेहरान बल्कि अमेरिका के सहयोगी देशों को भी असमंजस में डाल दिया है। अमेरिका की मुख्य मांगें अब पहले से कहीं अधिक स्पष्ट और कठोर दिखाई दे रही हैं। वाशिंगटन चाहता है कि ईरान स्थायी रूप से परमाणु हथियार कार्यक्रम छोड़ने की कानूनी और अंतरराष्ट्रीय गारंटी दे।

इसके अलावा ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के बड़े भंडार को या तो नष्ट किया जाए या अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की निगरानी में सौंप दिया जाए। अमेरिका यह भी चाहता है कि स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ पूरी तरह खुला रहे, जहाजों की आवाजाही बिना किसी बाधा और बिना किसी टोल के हो तथा ईरान अपनी मिसाइल और क्षेत्रीय सैन्य गतिविधियों पर भी नियंत्रण स्वीकार करे। साथियों, दूसरी तरफ ईरान का दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है।

तेहरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा। ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने, अरबों डॉलर की फ्रीज की गई संपत्तियों को वापस पाने और क्षेत्रीय सुरक्षा मामलों में अपनी भूमिका को मान्यता दिलाने की मांग कर रहा है।

यही कारण है कि बातचीत बार-बार आगे बढ़ने के बाद फिर अटक जाती है। पिछले कुछ दिनों में सामने आई रिपोर्टों के अनुसार कई बैठकों में ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी शर्तों पर तीखी आपत्ति जताई। कुछ मौकों पर बातचीत बीच में रुक गई और ईरानी पक्ष ने असंतोष व्यक्त करते हुए बैठक छोड़ दी। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से वार्ता समाप्त होने की घोषणा नहीं की है। ओमान और अन्य मध्यस्थ देशों के माध्यम से संवाद जारी है। पूरे संकट का सबसे संवेदनशील मुद्दा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ है। दुनियाँ के समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से गुजरता है। अमेरिका चाहता है कि यह मार्ग पूरी तरह खुला और मुक्त रहे, जबकि ईरान इस क्षेत्र में अपनी सुरक्षा और प्रशासनिक भूमिका को स्वीकार करवाना चाहता है। इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर मतभेद बने हुए हैं। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली घटना वह थी जब अमेरिकी सेना ने ईरान की ओर जा रहे एक कार्गो जहाज को रोकने के लिए मिसाइल कार्रवाई की।अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि जहाज नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जबकि ईरान इसे उकसावे की कार्रवाई बता रहा है। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि बातचीत चलने के बावजूद सैन्य टकराव का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

साथियों, युद्ध की संभावना को लेकर दुनिया भर के रणनीतिक विशेषज्ञों में मतभेद हैं। हालांकि अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि दोनों देश पूर्ण युद्ध से बचना चाहते हैं क्योंकि इसकी कीमत बहुत भारी होगी। फिर भी किसी गलत सैन्य गणना, ड्रोन हमले, समुद्री झड़प या परमाणु विवाद के कारण स्थिति अचानक नियंत्रण से बाहर जा सकती है। वर्तमान हालात को देखें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि क्षेत्र "न युद्ध, न शांति" की स्थिति में है। इसी बीच इजराइल की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है। इजरायल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता रहा है। रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका ने समझौते के मसौदे को इजरायल सहित अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ साझा किया है ताकि किसी संभावित समझौते पर सटीकता से क्षेत्रीय सहमति बनाई जा सके।

साथियों इस पूरे संकट का एक बड़ा आयाम महाशक्तियों की राजनीति भी है। चाइना और रूस दोनों विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ जुड़े हुए हैं। यदि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता है तो यह केवल पश्चिम एशिया का संकट नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का प्रश्न बन जाएगा। रूस और चीन खुले सैन्य हस्तक्षेप से बच सकते हैं, लेकिन कूटनीतिक और आर्थिक समर्थन के माध्यम से समीकरण को जटिल बना सकते हैं। भारत के लिए यह संकट अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंडिया अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से प्राप्त करता है। यदि संघर्ष बढ़ता है और होर्मुज़ में यातायात बाधित होता है तो सबसे पहला प्रभाव कच्चे तेल की कीमतों पर दिखाई देगा। कई विश्लेषकों का मानना है कि गंभीर संघर्ष की स्थिति में तेल 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है।

इससे भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ेगा और चालू खाते का दबाव बढ़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर पेट्रोल, डीजल और परिवहन लागत पर पड़ेगा। परिवहन महंगा होने से खाद्य पदार्थों से लेकर औद्योगिक वस्तुओं तक लगभग हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक की नीतियों पर भी दबाव बढ़ेगा क्योंकि मुद्रास्फीति नियंत्रण एक बड़ी चुनौती बन सकती है। भारतीय शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहेगा। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। तेल आयात पर निर्भर कंपनियां, एयरलाइंस, लॉजिस्टिक्स और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र विशेष दबाव में आ सकते हैं। इसके विपरीत ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र की कुछ कंपनियों को सटीकता से लाभ भी मिल सकता है। साथियों, खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। यदि संघर्ष व्यापक रूप लेता है तो भारत को फिर से बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाना पड़ सकता है, जैसा अतीत में विभिन्न संकटों के दौरान देखा गया था।

वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा खतरा ऊर्जा संकट का है। यदि होर्मुज़ में व्यवधान आता है तो केवल तेल ही नहीं बल्कि प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी प्रभावित होगी। यूरोप पहले से ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्नों से जूझ रहा है और नया संकट वहां की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। विश्व शेयर बाजारों पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी बाजारों में गिरावट, यूरोप में ऊर्जा आधारित कंपनियों पर दबाव और एशियाई बाजारों में अस्थिरता देखने को मिल सकती है। ऐसे समय में निवेशक अक्सर सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर जाते हैं, इसलिए सोने और अन्य सुरक्षित परिसंपत्तियों में तेजी की संभावना बढ़ जाती है।समुद्री व्यापार भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। यदि जहाजों की आवाजाही पर खतरा बढ़ता है तो बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई लागत बढ़ जाएगी। इससे वैश्विक सप्लाई चेन पर असर पड़ेगा और वस्तुओं की कीमतें विश्व स्तर पर बढ़ सकती हैं।

अतः अगर हम अप्रक पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका और ईरान दोनों एक-दूसरे पर दबाव बनाते हुए बेहतर सौदा हासिल करना चाहते हैं। ट्रंप का बार-बार बदलता रुख कुछ विश्लेषकों को भ्रमित करने वाला लगता है, लेकिन दूसरी व्याख्या यह भी है कि वे अधिकतम दबाव और अधिकतम सौदेबाजी की रणनीति अपना रहे हैं। दूसरी ओर ईरान भी पूरी तरह झुकने को तैयार नहीं है क्योंकि ऐसा करना उसकी घरेलू राजनीति और क्षेत्रीय प्रतिष्ठा के लिए कठिन होगा।आज की स्थिति में पूर्ण युद्ध की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और बातचीत अभी भी जारी है। लेकिन यह भी सच है कि हालात बेहद नाजुक हैं। किसी भी गलत सैन्य कार्रवाई, होर्मुज़ में नई घटना, परमाणु मुद्दे पर गतिरोध या क्षेत्रीय समूहों की गतिविधियों से संकट अचानक भड़क सकता है।

इसलिए दुनिया की निगाहें आने वाले दिनों में होने वाली अमेरिका- ईरान वार्ताओं, ट्रंप द्वारा मांगी गई नई शर्तों और तेहरान की प्रतिक्रिया पर टिकी हुई हैं। फिलहाल पूरा विश्व युद्ध और समझौते के बीच झूलते इस संकट के अगले अध्याय का इंतजार कर रहा है।

**-संकलनकर्ता लेखक- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र- 9284141425**

## चंदौली

# करजरा गांव में पसरा मातम, मासूम की मौत बनी रहस्य



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद के धीना थाना क्षेत्र अंतर्गत करजरा गांव रविवार को उस समय शोक और सनसनी में डूब गया जब गांव के एक 5 वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मासूम की मौत के बाद जहां परिजनों में कोहराम मचा है, वहीं ग्रामीणों के बीच भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार करजरा गांव निवासी कृष्णा सिंह का 5 वर्षीय पुत्र कार्तिक सिंह रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।

खेलते समय वह अचानक गायब हो गया। पहले तो लोगों ने समझा कि वह किसी रिश्तेदार या पड़ोसी के घर चला गया होगा, लेकिन काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई।

दो घंटे तक तलाश, फिर मिला अचेत पड़ा मासूम- परिजनों और ग्रामीणों ने गांव के हर कोने में कार्तिक की तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे बाद विद्यालय परिसर में ही कार्तिक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसे तुरंत घर लाया गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर किसी की आंखें नम थीं और लोगों के मन में एक ही सवाल था—आखिर मासूम के साथ हुआ क्या?

मां की चीखों से गूंज उठा गांव- कार्तिक की मां कंचन देवी अपने बेटे का शव देखकर बार-बार बेहोश हो रही थीं। परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे। पिता कृष्णा सिंह, जो बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं, घटना की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए।

मृतक कार्तिक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें नीति सिंह (14 वर्ष) और रोशनी सिंह (12 वर्ष) हैं। बेटे की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

हत्या की आशंका, निष्पक्ष जांच की मांग- घटना की परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि मामला संदिग्ध है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

पुलिस जुटी जांच में- घटना की सूचना मिलते ही धीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और घटना से जुड़े हर बिंदु की पड़ताल की जा रही है।

सवालों के घेरे में मासूम की मौत- करजरा गांव में हुई इस दर्दनाक घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर खेलते-खेलते गायब हुआ मासूम विद्यालय परिसर में अचेत कैसे पहुंचा? उसकी मौत के पीछे हादसा है, बीमारी है या फिर कोई साजिश? इन सभी सवालों के जवाब अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएंगे। फिलहाल पूरे गांव की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं और हर कोई मासूम कार्तिक को न्याय मिलने की उम्मीद कर रहा है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद चंदौली में "मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण)" के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशन में जिले के सभी थानों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, निराश्रित महिला योजना, शक्ति सदन एवं सखी निवास जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की भी जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम-2013, दहेज निषेध अधिनियम-1961 तथा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम-1994 के प्रमुख प्रावधानों से महिलाओं को अवगत कराया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अभियान के दौरान साइबर सुरक्षा के प्रति भी विशेष जागरूकता फैलाई जा रही है। महिलाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। इसके साथ ही थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी भी दी गई। पुलिस प्रशासन ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

# चंदौली में बी.एड. प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद चंदौली में उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-27 रविवार को 14 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से अव्यवस्था अथवा गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में कुल 6,320 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,780 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 540 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए।

वहीं द्वितीय पाली में भी 6,320 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5,785 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 535 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, उड़नदस्ता टीम तथा निगरानी व्यवस्था तैनात की गई थी। अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 12,640 अभ्यर्थियों में से 11,565 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,075 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है।

# पहाड़ी के पीछे चल रहा था जुए का अड्डा, पुलिस ने मारी रेड




**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** चकिया पुलिस ने अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम फत्तेपुर स्थित पहाड़ी के पीछे संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 21,070 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, छह मोबाइल फोन तथा आठ मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि फत्तेपुर गांव के समीप पहाड़ी के पीछे कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद कई लोग भाग निकले, जबकि छह आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमलेश कुमार, निखिल पटेल, शुभम गिरी, वकील बिंद, रामबली तथा रमेश जायसवाल के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद सभी के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुए के फड़ से 19,600 रुपये तथा अभियुक्तों की जामा तलाशी से 1,470 रुपये बरामद किए। इसके अतिरिक्त जुआ खेलने में प्रयुक्त 52 ताश के पत्ते और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

मौके पर खड़ी आठ मोटरसाइकिलों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जनपद में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रोक यार

उन सभी फिरकापरस्तों को रोक यार
उगे हशीश के दरख्तों को रोक यार

कब्ल इसके जहर फैल जाए भर जिस्म
बने नासूर जुल्मतों को रोक यार

कर डालेंगे कत्ल लगता अम्नोअमान
बेअख्तिआर कमबख्तों को रोक यार

मुल्क के निगहबां का कर खैरमकदम
हर गली चल रहे गस्तों को रोक यार

गले मिलते हाथों में दिखी है खंजर
इन दगाबाज मुहब्बतों को रोक यार

कुछ बदगुमानो ने दुनिया उठा रखी
उनके बेजा हरकतों को रोक यार

जिंदगी चल रही बदस्तूर चलेगी
सभी फालतू हिकमतों को रोक यार

क्यों करता है यकीन हर बार उन पर
खुदी की सोच किस्मतों को रोक यार

अब तुम्हारे मक़सदों को रहे बेच
बने खुदगर्ज सरपरस्तों को रोक यार

बदले में न कहीं वे खाल उधाड़ लें
बिलावजह की रहमतों को रोक यार

**डॉ एम डी सिंह**

## रील का रोग.....!



फोटो- गूगल से साभार

सोशल मीडिया पर प्यारे....!
आज के दौर में....
रील पर रील बन रही है........
हर हाथ को रोजगार भी मिला है...
और इसके ही बहाने.....
पीछे से नई-नई डील भी हो रही है....
रील के बहाने...व्यस्त होने भर का..
यहाँ सबको काम-काज मिला है...
और इसी बहाने...नए-नए उद्यम...
और संग में...नए-नए तरीकों का...
रोज आगाज हो रहा है....
तेजी से मुनाफे की भी तलाश है...
हर किसी को यहाँ....!
इसीलिए....रील बनाने में....
नहीं किसी का कोई....!
लिहाज हो रहा है....
कोई रील बना रहा है...तो...
कोई रील बनवा रहा है....
कोई रील देख रहा है...तो...
कोई यही रील दिखवा रहा है....
कोई इस रील से अपने सिद्धांतों पर
मुहर मरवा रहा है....
हर एक रील में....देश दुनिया की...
कोई ना कोई कहानी है....
किसी में बचपन...तो...
किसी में बुढ़ापा....किसी रील में...
दिखती जवानी है.....
किसी में आज का सच है....तो....
किसी में बातें उठी पुरानी है
किसी ने सच को है दिखाया....तो...
किसी ने कहानी को मोड़ा है
किसी ने तोड़ डाला रिश्ता....तो....
किसी ने रिश्तों को.....!
बेहद मजबूती से जोड़ा है....
गौरतलब है मित्रों.....
रील की यह आभासी दुनिया...
सबको रीयल दिख रही है.....
सबको ही फील गुड करा रही है....
अँधेरे में ही कहो प्यारे....!
ताबड़तोड़ तीर पर तीर चला कर....
सबको रॉबिन हुड बना रही है....
कोई परदे में रहकर....तो....
कोई बेपरदा होकर....
कोई कल्पना के पहाड़ पर चढ़....
कोई जमीनी हकीकत बयाँ कर...
धकाधक....रील पर रील....!
बनाये जा रहा है....और....
खुद ही मदमस्त होकर.....!
सीना फुलाए जा रहा है....
इस रील की दुनिया को लेकर प्यारे,
युवा वर्ग कह रहा है सारा का सारा..
कि इस रील के सहारे ही....!
वह दुनिया भर में ...
तहलका मचाए जा रहा है.....
वहीं कह रही है बूढ़ी पीढ़ी
कि इस रील के सहारे.....!
बहुतेरों को भरमाया जा रहा है...
विषय यह विवाद का....
हो सकता है प्यारे...पर....
सच है यही कि.... रील का रोग....
दिन-प्रतिदिन सबको ही.....!
रिझाये जा रहा है....भाए जा रहा है
रील का रोग....
दिन-प्रतिदिन सबको ही.....!
रिझाये जा रहा है....भाए जा रहा है



**रचनाकार....**
**जितेन्द्र कुमार दुबे**
**अपर पुलिस उपायुक्त, लखनऊ**

# चन्दौली पुलिस का बड़ा एक्शन: 48 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

## वाराणसी से बिहार ले जाई जा रही थी 23.50 लाख की नशीली खेप, दो कारें और पांच मोबाइल फोन जब्त




**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 23.50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो कारों को भी जब्त कर लिया है।

मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली चन्दौली पुलिस नवीन मंडी फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वाराणसी की तरफ से दो कारों में अवैध गांजा लेकर कुछ लोग बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया।

डिग्गी से निकले गांजे के 47 बंडल- तलाशी के दौरान हुंडई कार की डिग्गी से 20 बंडल तथा डिजायर कार से 27 बंडल गांजा बरामद हुआ। कुल 47 बंडलों में पैक 48 किलोग्राम गांजा मिलने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुला राज- गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे गांजे की खेप वाराणसी से लेकर बिहार पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस टीम की सराहना- इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय, उपनिरीक्षक केशव प्रसाद सिंह, उपनिरीक्षक बाबूराम यादव तथा कांस्टेबल संजय पटेल की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पैंटोग्राफ में आयी तकनीकी गड़बड़ी के कारण वंदे भारत ट्रेन चार घंटे लेट से हुई रवाना

## ○ तकनीकी चुनौती के बीच उत्तर रेलवे की तत्परता एवं उत्कृष्ट समन्वय से वंदे भारत एक्सप्रेस का सुरक्षित संचालन हुआ सुनिश्चित

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** बनारस (पूर्वोत्तर रेलवे) से खजुराहो के लिए प्रस्थान करने वाली गाड़ी संख्या 26506 वंदे भारत एक्सप्रेस रविवार को अपने निर्धारित समय 05:15 बजे बनारस स्टेशन से रवाना हुई। रन-थ्रू सिग्नल प्राप्त होने के बावजूद यात्रा के दौरान गाड़ी के पिछले पैंटोग्राफ में तकनीकी गड़बड़ी उत्पन्न होने के कारण इसे एहतियातन 05:28 बजे वाराणसी जंक्शन स्टेशन पर रोका गया।

उत्तर रेलवे प्रशासन ने खबर जारी कर बताया कि वाराणसी जंक्शन पर इस गाड़ी का निर्धारित ठहराव स्टेशन नहीं है, तथापि यात्री सुरक्षा एवं रेल संचालन संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा तत्काल आवश्यक सावधानी बरती गई और गाड़ी को सुरक्षित रूप से रोका गया। सूचना प्राप्त होते ही उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल सक्रिय हो गए तथा तकनीकी समस्या के समाधान हेतु युद्धस्तर पर कार्य प्रारंभ किया गया। मौके पर अपर मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे



एडीआरएम बृजेश कुमार यादव वंदे भारत ट्रेन में आई तकनीकी खामी को टीम सहित सही करवाते हुए। इस दौरान स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता सहित तमाम रेलकर्मी मौजूद रहे

बृजेश कुमार यादव, स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता, मंडल यांत्रिक अभियंता दिवाकर वार्ष्णेय तथा सहायक विद्युत अभियंता कार्तिकेय सिंह तत्काल पहुंचे और मरम्मत कार्य की सतत निगरानी करते रहे। गाड़ी के प्राथमिक अनुरक्षण की जिम्मेदारी बनारस (पूर्वोत्तर रेलवे) के पास होने के कारण वहां के यांत्रिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी तत्काल वाराणसी जंक्शन पहुंच गए। दोनों रेलवे जोनों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के उत्कृष्ट समन्वय से तकनीकी समस्या के समाधान हेतु सभी आवश्यक कदम तेजी से उठाए गए। मरम्मत कार्य के दौरान आवश्यक पावर ब्लॉक लेकर गाड़ी के अग्रिम पैंटोग्राफ की भी विस्तृत एवं एहतियातन जांच की गई। सभी सुरक्षा मानकों की पूर्ण पुष्टि एवं संरक्षा सुनिश्चित होने के उपरांत गाड़ी को प्रात: 09:35 बजे 4 घंटे 07 मिनट की देरी से सकुशल अपने गंतव्य की ओर रवाना किया गया।बताया गया कि मरम्मत कार्य के दौरान रेल यातायात को न्यूनतम प्रभावित रखने के लिए प्रभावी परिचालन प्रबंधन किया गया। पावर ब्लॉक के समय बनारस से वाराणसी जंक्शन आने वाली लाइन संख्या 1, 2 एवं 4 पर यातायात सामान्य रूप से संचालित होता रहा। प्लेटफॉर्म संख्या 2 एवं 3 के कॉमन प्लेटफॉर्म होने के कारण प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर आने वाली गाड़ियों संख्या 15104, 14006, 15125, 20933, 17323 तथा 22178 का संचालन प्लेटफॉर्म संख्या 2 की ओर से सुरक्षित एवं सुचारु रूप से कराया गया।यात्री सुविधा को ध्यान में रखते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस का वातानुकूलित सिस्टम पूरे समय निर्बाध रूप से कार्यरत रखा गया। साथ ही यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए गाड़ी के स्वचालित दरवाजे खुले रखे गए। यात्रियों की सुविधा एवं संतुष्टि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए गए। यह गाड़ी 8-कोच की है आज इसमें कुल 168 यात्री यात्रा कर रहे थे जिनमे से 102 यात्रियों ने टिकट आरक्षण के समय भोजन का विकल्प चुना था, उन्हें निर्धारित समयानुसार प्रात: कालीन नाश्ता उपलब्ध कराया गया। इसके अतिरिक्त भोजन विकल्प न चुनने वाले शेष 66 यात्रियों को भी नि:शुल्क जलपान एवं पेयजल की सुविधा प्रदान की गई। पूरे घटनाक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग, रेल सुरक्षा बल तथा राजकीय रेलवे पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी प्लेटफॉर्म पर निरंतर उपस्थित रहकर यात्रियों को आवश्यक सहायता एवं मार्गदर्शन प्रदान करते रहे।

> **उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल द्वारा प्रदर्शित त्वरित निर्णय क्षमता, विभिन्न विभागों के मध्य उत्कृष्ट समन्वय, प्रभावी संकट प्रबंधन तथा यात्री-केंद्रित कार्यशैली के परिणामस्वरूप तकनीकी चुनौती का सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक समाधान किया गया। इस घटना की जांच की जा रही है तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर आवश्यकतानुसार आगे की कार्यवाही की जाएगी।**
>
> बृजेश कुमार यादव
> अपर मण्डल रेल प्रबंधक
> वाराणसी, उत्तर रेलवे

# श्रीजी हेल्थकेयर हॉस्पिटल में लगा जांच शिविर, बड़ी संख्या में मरीज़ों ने उठाया लाभ

## डॉ. शोभित अग्रवाल के नेतृत्व में फाइब्रोस्कैन, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, शुगर की हुई जांच

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** डॉक्टर शोभित अग्रवाल, एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) व स्वर्ण पदक विजेता (एमएएमसी, नई दिल्ली) के निर्देशन में श्रीजी हेल्थकेयर हॉस्पिटल चांदपुर में रविवार को एक वृहद मेडिकल जांच कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें फाइब्रोस्कैन, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड, शुगर( आर.बी.एस) की जांच बाज़ार रेट से एकदम न्यूनतम दरों पर की गई। गौरतलब है कि इस दौरान लगभग सौ से ऊपर की संख्या में मरीजों ने इस जांच शिविर में शामिल होकर इसका लाभ उठाया। दोपहर 12:00 बजे से आयोजित ये जांच शिविर शाम के 6:00 तक चलता रहा।

इस बाबत डॉ शोभित अग्रवाल ने बताया कि श्रीजी हेल्थ केयर हॉस्पिटल पूर्वांचल के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। यहां पर शुगर, बीपी, हार्ट, लीवर, आर्थराइटिस सहित तमाम जनरल बीमारियों का एक ही छत के नीचे बेहतरीन और किफ़ायती इलाज आम लोगों को मिल सकेगा। इसके अलावा समय-समय पर मरीजों के लिए रियायती दर पर जांच शिविर का भी आयोजन किया जाता रहेगा। ताकि समय रहते लोग अपनी बीमारियों को जान कर उसका सही और संपूर्ण इलाज करवा कर, स्वस्थ जीवन जी सके। बताते चलें कि डॉक्टर शोभित अग्रवाल गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, नई दिल्ली, अपोलो से फेलोशिप है। इसके साथ ही वह वर्तमान समय में बतौर एसोसिएट प्रोफेसर, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं।



डॉ. शोभित अग्रवाल

# राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने पार्टीजनों संग सुनी पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कंचनपुर स्थित अपने आवास पर रविवार को पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ रेडियो पर दोपहर 11:00 बजे से 11:30 तक प्रसारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। इस दौरान मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष कर्दमेश्वर जय प्रकाश पटेल, रमेश विश्वकर्मा, बिहारी पटेल , रमेश शर्मा, विहारी पटेल, विजय विश्वकर्मा सुधीर वर्मा राजू, राजेश विश्वकर्मा अजय कुमार विश्वकर्मा गोपाल विश्वकर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।




उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा कार्यकर्ताओं संग पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनते हुए

# जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने 119 नाविकों को नि:शुल्क 974 लाइफ जैकेट का किया वितरण

## डीएम के निर्देश पर एडीएम एफआर डॉ. सदानन्द गुप्ता ने की सुरक्षा प्रथम के सिद्धांत को अपनाने की अपील

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** गंगा नदी में संचालित नौकाओं के माध्यम से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु, पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक आवागमन करते हैं। जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए तथा संभावित नौका दुर्घटनाओं में जनहानि की रोकथाम एवं आपदा जोखिम न्यूनीकरण के उद्देश्य से वाराणसी जिला प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई गई लाइफ जैकेटों का नि:शुल्क वितरण अभियान संचालित किया जा रहा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार के निर्देशानुसार रविवार को नमो घाट फेज-2 पर आयोजित कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. सदानन्द गुप्ता ने जनपद के 119 नाविकों को कुल 974 नि:शुल्क लाइफ जैकेट वितरित की गईं। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि जनपद में पंजीकृत समस्त नौकाओं को उनकी स्वीकृत यात्री क्षमता के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से नि:शुल्क लाइफ जैकेट उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे गंगा नदी में संचालित नौका सेवाओं को और अधिक सुरक्षित, व्यवस्थित एवं उत्तरदायी बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वाराणसी विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक नगरों में से एक है, जहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक गंगा दर्शन, देव दीपावली, गंगा आरती तथा अन्य धार्मिक एवं पर्यटन गतिविधियों के लिए आते हैं। ऐसे में नौका संचालन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करे। सुरक्षित नौका संचालन न केवल प्रशासनिक दायित्व है, बल्कि यह मानवीय उत्तरदायित्व भी है।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ने कहा कि लाइफ जैकेट किसी भी जल दुर्घटना की स्थिति में जीवन रक्षा का सबसे प्रभावी साधन है। यह व्यक्ति को पानी में सुरक्षित बनाए रखने, घबराहट को कम करने तथा बचाव दल को राहत एवं रेस्क्यू कार्यों के लिए आवश्यक समय उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समय पर एवं अनिवार्य रूप से लाइफ जैकेट के उपयोग से जल दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। इस अवसर पर नाविकों एवं नौका संचालकों से अपील की गई कि प्रत्येक यात्रा प्रारम्भ करने से पूर्व नौका में उपलब्ध सभी लाइफ जैकेटों की स्थिति का परीक्षण कर लें तथा नौका पर सवार प्रत्येक यात्री को लाइफ जैकेट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। किसी भी परिस्थिति में नौका की निर्धारित क्षमता से अधिक यात्रियों को न बैठाया जाए तथा जल परिवहन से संबंधित समस्त सुरक्षा मानकों, शासन के दिशा-निर्देशों एवं प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का अक्षरश: अनुपालन किया जाए।

नाविकों को यह भी निर्देशित किया गया कि खराब मौसम, तेज हवाओं, आंधी-तूफान, अतिवृष्टि अथवा गंगा नदी के जलस्तर में असामान्य वृद्धि जैसी परिस्थितियों में नौका संचालन से बचें तथा मौसम विभाग एवं प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों और परामर्शों का पूर्णत: पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न केवल नाविकों बल्कि यात्रियों के जीवन को भी संकट में डाल सकती है। जिला प्रशासन एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुरक्षित नौका संचालन, जल दुर्घटनाओं की रोकथाम, आपदा पूर्व तैयारी तथा जनजागरूकता के क्षेत्र में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। लाइफ जैकेट वितरण कार्यक्रम इसी श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य गंगा नदी में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा जनपद में सुरक्षित एवं जिम्मेदार जल परिवहन व्यवस्था को प्रोत्साहित करना है।नि:शुल्क लाइफ जैकेट वितरण कार्यक्रम के सफल संचालन में एनडीआरएफ, जल पुलिस, आपदा मित्रों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। जनपद के समस्त नाविकों एवं नौका संचालकों से अनुरोध किया गया कि वे सुरक्षा प्रथम के सिद्धांत को अपनाते हुए प्रत्येक यात्री की सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा सुरक्षित, व्यवस्थित एवं दुर्घटनारहित नौका संचालन में जिला प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्रदान करें।



अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) डॉ. सदानंद गुप्ता नाविकों को निशुल्क लाइफ जैकेट का वितरण करते हुए

# आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने कार्यकर्ताओं संग सुनी पीएम के मन की बात

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर दयालु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण को पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं संग अपने कार्यालय में रविवार को सुना। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के बस्ती जनपद के आकाश गुप्ता द्वारा मनोरमा नदी के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन के लिए किए जा रहे उल्लेखनीय प्रयासों का विशेष रूप से जिक्र किया।

मंत्री ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और समाज को साथ लेकर चलने की भावना वास्तव में प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय है।आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर दयालु ने प्रधानमंत्री द्वारा ऐसे प्रयासों को राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया जाना यह दर्शाता है कि व्यक्तिगत स्तर पर किए गए छोटे-छोटे सकारात्मक कार्य भी व्यापक सामाजिक परिवर्तन का आधार बन सकते हैं आकाश गुप्ता का यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है, बल्कि यह समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने आसपास की प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए आगे आने की प्रेरणा भी देता है। मन की बात कार्यक्रम निरंतर देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक उत्तरदायित्व, नवाचार, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बना हुआ है। यह कार्यक्रम समाज के उन अनसुने नायकों को पहचान दिलाने का कार्य करता है, जो निस्वार्थ भाव से समाज और देश के लिए कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम को सुनने के उपरांत उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के विचारों की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि वे भी पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं समाजहित के कार्यों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेंगे, ताकि विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को और अधिक गति मिल सके।इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ हरदत शुक्ला, मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी, सौरभ राय, आकाश पांडेय, संतोष सैनी, प्रमोद राय, सौरभ पाठक, रविशंकर मिश्रा, विशाल रघुवंशी, दिनेश कुमार सिंह (दीनू) आदि मौजूद रहे।




उत्तर प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुनते हुए

# उ.प्र. संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2026 सकुशल हुई संपन्न

## ○ कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी व कुलसचिव/नोडल अफसर डॉ सुनीता पांडेय ने किया निरीक्षण

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** डॉ सुनीता पाण्डेय कुलसचिव महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ /नोडल अधिकारी उ0प्र0संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0-2026 ने रविवार को खबर जारी कर बताया कि 31 मई रविवार को वाराणसी जनपद के 106 परीक्षा केन्द्रों पर दो पालियों में (पूर्वाह्न 9:00 बजे से 12:00 बजे तक तथा अपराह्न 2:00 बजे से 5:00 बजे तक) आयोजित थी। प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए आयोजक विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि, जिला प्रशासन द्वारा नामित स्टैटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा नोडल अधिकारी, नोडल समन्वयक, नोडल समन्वयक जनपद वाराणसी, उप-नोडल समन्वयक व उप-नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गयी थी जिनके पूर्ण सहयोग से प्रवेश परीक्षा शान्तिपूर्वक एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।

प्रवेश परीक्षा में प्रथम पाली में 42727 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 5491 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे तथा द्वितीय पाली में 42730 अभ्यर्थी उपस्थित एवं 5488 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे, कुल 88.6 प्रतिशत उपस्थिति रही। प्रवेश परीक्षा नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कुलपति प्रो आनन्द कुमार त्यागी द्वारा धीरेन्द्र महिला पी0जी0कालेज, आर0एस0लॉं कालेज, गांधी मेमोरियल इण्टर कालेज, एसएमएस कालेज, बीएनएस महिला महाविद्यालय, पद्मावती महिला महाविद्यालय, राजकीय महिला महाविद्यालय-DLW, सुधकार महिला महाविद्यालय, श्री राम कालेज ऑफ कामर्स, डॉ0 विजय कालेज ऑफ फार्मेसी तथा विश्वविद्यालय परिसर के मानविकी संकाय, प्रबन्धशास्त्र संकाय एवं समाज विज्ञान संकाय परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता पाण्डेय द्वारा धीरेन्द्र महिला पी0जी0कालेज, मुकुलारण्यम महाविद्यालय, आर.एस. लॉ. कालेज, सुधाकर महिला पी.जी. कालेज, घनश्याम सिंह पीजी कालेज, श्री राम कालेज ऑफ कामर्स, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय एवं विश्वविद्यालय परिसर के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय एवं बसमत्ती देवी संकठा प्रसाद महाविद्यालय में प्रो बंशीधर पाण्डेय, नोडल समन्वयक एवं प्रो नलिनी श्याम कामिल, डॉ. राहुल गुप्ता, डॉ. दुर्गेश कुमार उपाध्याय एवं प्रो अनिल प्रताप सिंह जनपद समन्वयक के द्वारा निरीक्षण किया गया। परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ ज्ञान प्रकाश वर्मा का विशेष सहयोग रहा। साथ ही नोडल केन्द्र से सम्बद्ध वाराणसी के अतिरिक्त चन्दौली जनपद में भी प्रवेश परीक्षा शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।



उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी.एड- 2026 का निरीक्षण करते कुलपति प्रो आनंद कुमार त्यागी व कुलसचिव डॉ सुनीता पांडेय

# जानलेवा बनती है लत, विज्ञापनों के जाल में फंस रहा युवा

**सिंगरामऊ।** ठाकुर बाड़ी महिला विकास कल्याण समिति द्वारा आज वैश्विक तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशेष जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम का मुख्य विषय आकर्षण का पर्दाफाश करना-निकोटिन और तंबाकू की लत का मुकाबला करना रखा गया था। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संस्था के टीम लीडर महेंद्र कुमार शुक्ला ने कहा कि युवाओं को तंबाकू उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के पीछे छिपे जानलेवा सच से अवगत कराना बेहद जरूरी है। तंबाकू और निकोटीन उत्पादों के भ्रामक विज्ञापनों के पीछे छिपे सच को सामने लाना है ताकि युवा पीढ़ी को इसकी लत से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि शुरुवात में शौक वश एवं दोस्तों के आग्रह एवं दबाव में बच्चे सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू जनित उत्पादों का सेवन करते हैं परंतु धीरे धीरे इसकी लत लग जाती है। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से रक्तचाप (बीपी) बढ़ना, हृदय गति तेज होना और खून में ऑक्सीजन की कमी जैसी समस्याएं होती हैं। लंबे समय में यह आदत फेफड़ों के कैंसर, मुंह के कैंसर, स्ट्रोक और सीओपीडी जैसी घातक बीमारियों का रूप ले लेती है।

जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें और आंखों में सुनहरे सपने होने चाहिए, उस उम्र में बच्चे तम्बाकू के धीमे जहर की गिरफ्त में फंस चुके हैं। मुनाफा कमाने की अंधी दौड़ में डूबी तम्बाकू कंपनियां बच्चों के भविष्य को अपना नया बाजार बना लिया है। ये तंबाकू कंपनियां रंग-बिरंगी पैकेजिंग, मीठे स्वाद, नए उत्पादों और आकर्षक प्रचार के जरिए युवाओं को लुभा रही जिससे नए उत्पादों का चलन युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है। चिंताजनक आंकड़ों को साझा करते हुए चंदौली से आये रामा तिवारी ने बताया कि भारत में दुनिया के करीब 12 प्रतिशत धूम्रपान करने वाले लोग रहते हैं, और देश में हर साल 10 लाख से अधिक लोग तंबाकू जनित बीमारियों के कारण दम तोड़ देते हैं। कार्यक्रम के दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं और वॉलंटियर्स को प्रशिक्षित किया गया। जो अब फील्ड विजिट कर ग्रामीण इलाकों में घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर सत्यजीत, लालमणि मिश्रा, अंजलि, विपिन कुमार, शिव कुमार,आदित्य तिवारी, अछय तिवारी आद्या तिवारी, दुर्गेश कुमार और सद्दाम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गर्मी से राहत और मानसून के आगमन के आह्वान के लिए राणीसती दादी का हुआ हिम श्रृंगार

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** इस वर्ष भी विगत वर्षों की ही तरह रामकटोरा स्थित प्राचीन राणीसती दादी धाम में रविवार को हिम श्रृंगार के साथ संगीतमय भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्येष्ठ महीने में राणीसती दादी का हिम श्रृंगार कर मानसून के आह्वान के साथ तापमान से राहत एव धान सहित अच्छी कृषि उपज की कामना की जाती है। बढते तापमान से राहत और मानसून के आगमन के आह्वान के लिए रविवार 31 मई को रामकटोरा स्थित श्री राणी सती धाम में हिम श्रृंगार झांकी के साथ धार्मिक अनुष्ठान के साथ मुम्बई से गायक कलाकार प्रमोद शर्मा एवं राणीसती श्याम भक्त मंडल के कलाकारों ने भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान मनुष्यों के साथ सभी जीव जन्तु को भी तेज गर्मी से राहत की राणी सती दादी से श्रद्धालुओं द्वारा प्रार्थना की गयी। हिम श्रृंगार झांकी के दर्शन सायंकाल छह बजे से प्रारम्भ हुई। सायंकाल सात बजे विशेष आरती के साथ भजन-कीर्तन कार्यक्रम प्रारम्भ हुई। यह सूचना ट्रस्टी संजय झुनझुनवाला ने दी।इस दौरान रमेश चौधरी, केशव जालान, दीपक बजाज, शरद शाह, राजेश तुलस्यान, महेश टेकरीवाल, रवि बूबना, आनंद तुलस्यान, आलोक मोदी, मनोज अग्रवाल, अशोक सराफ मौजूद रहे। ये सूचना मंत्री निधि देव अग्रवाल ने दी।

# कथा का अंतिम दिन शिव-पार्वती विवाह का हुआ भव्य वर्णन

**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज के बगल स्थित प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् शिवमहापुराण कथा के सातवें व अंतिम दिन रविवार को कथा वाचक पंडित अतुल नारायण दास जी महाराज ने शिव-पार्वती विवाह का भव्य वर्णन किया। महाराज जी ने शिव बारात का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव की बारात में भूत, प्रेत, पिशाच, देवता और ऋषि मुनि सभी शामिल हुए। शिव के अनोखे स्वरूप और बारातियों को देखकर हिमालय नगरी में हलचल मच गई। उन्होंने शिव और पार्वती के विवाह की रस्मों का विस्तार से वर्णन किया। कथा के दौरान पंडाल को फूलों से सजाया गया और श्रद्धालुओं ने शिव-पार्वती विवाह का आनंद लिया। बम बम भोले और शिव पार्वती की जय के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा। इस मौके पर सुर्य प्रकाश शुक्ला, पंडित आनंद कुमार शुक्ला, बब्बे शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, महेश कुमार शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला अरविंद कुमार शुक्ला, आशीष कुमार शुक्ला, अनीत शुक्ला, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से मिले राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह वत्स ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी तथा राष्ट्रवादी चेतना पर आधारित एक विशेष गीत भी भेंट किया। राज्य सूचना आयुक्त वीरेंद्र सिंह वत्स ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सूचना आयोग द्वारा पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुदृढ़ बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने आयोग के समक्ष आने वाले प्रकरणों के निस्तारण तथा सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित जानकारी भी साझा की। भेंट के दौरान वीरेंद्र सिंह वत्स ने राष्ट्रहित एवं राष्ट्रीय चेतना को समर्पित एक गीत मुख्यमंत्री को भेंट किया। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए जनजागरण और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक विचारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। वीरेंद्र सिंह वत्स ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट कर उत्तर प्रदेश सूचना आयोग के कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रयासों की जानकारी साझा करने का अवसर मिला। प्रदेश में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन की दिशा में आयोग निरंतर कार्य कर रहा है। साथ ही राष्ट्रवादी चेतना पर आधारित एक गीत उन्हें भेंट कर अपना सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की।



# जनपद के नए सीएमओ बने डॉ. गंगाराम गौतम

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश शासन ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए डॉ. गंगाराम गौतम को जौनपुर का नया मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) नियुक्त किया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. गौतम, जो वर्तमान में आरएचएफडब्ल्यूटीसी अयोध्या के प्राचार्य पद पर कार्यरत थे। उन्हें तत्काल प्रभाव से जौनपुर के रिक्त सीएमओ पद पर तैनात किया गया है। शासन ने डॉ. गंगाराम गौतम को निर्देशित किया है कि वे अपनी नई तैनाती पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करें तथा कार्यभार ग्रहण करने का प्रमाण शासन को उपलब्ध कराएं। यह आदेश विशेष सचिव ऋषभ रंजन द्वारा 31 मई को जारी किया गया। नए सीएमओ की तैनाती से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में इस नियुक्ति को लेकर चर्चा का माहौल है।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का हुआ श्रवण

**मछलीशहर।** भारतीय जनता पार्टी के मछलीशहर मंडल अंतर्गत कटाहीतखास सेक्टर के बूथ संख्या 9 कटाहीतखास पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बहादीपुर स्थित पहलवान साहब मंदिर परिसर में किया गया। जहां कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने मोबाइल के माध्यम से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने भीषण गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने, जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने तथा समाज सेवा से जुड़े प्रेरणादायक कार्यों की चर्चा की। उन्होंने देशभर में जल बचाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए नागरिकों से वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के उपाय अपनाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने खेल जगत में देश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए युवाओं को मेहनत, अनुशासन और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। प्रधानमंत्री ने समाजहित में कार्य कर रहे लोगों के प्रयासों को भी सराहा और कहा कि जनभागीदारी से ही देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सेवा कार्यों तथा सामाजिक जागरूकता को राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव बताया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी श्रीराम रतन दास (लाल बाबा), बूथ अध्यक्ष विपिन मौर्य, मंडल उपाध्यक्ष सुनील बिंद, सेक्टर संयोजक दिनेश जायसवाल, सेक्टर प्रभारी अभिषेक नारायण सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को प्रेरणादायक बताते हुए उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जिला पंचायत सदस्य की माता के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**जलालपुर।** कस्बे के व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पवन कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू तथा महिमापुर ग्राम प्रधान श्रवण कुमार गुप्ता उर्फ चिंटू की माता शशिकला देवी का शनिवार देर शाम 58 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार, वह पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार वाराणसी स्थित हेरिटेज अस्पताल में चल रहा था। शनिवार को अचानक उनकी तबीयत अधिक बिगड़ने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए पीजीआई लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही कस्बे के व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद कर दीं। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर किया गया। उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के हजारों लोगों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया।



फाइल फोटो

# जिले में 3 व 4 जून की परीक्षा हेतु बने 19 केन्द्रों में लगभग 30 हजार परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

## दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ करें: सीआरओ



टीजीटी परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुचितापूर्ण ढंग से कराने हेतु स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की बैठक हुई

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शिक्षक सेवा चयन आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) परीक्षा-2026 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कैंप कार्यालय में स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में परीक्षा की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था तथा आयोग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक गौतम प्रसाद ने परीक्षा संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि टीजीटी परीक्षा 03 एवं 04 जून को दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली प्रातः 9.30 से 11.30 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2.30 से 4.30 बजे तक संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए 19 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं जिसमें कुल 29,297 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि आयोग की यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील परीक्षा है। परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष तथा पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने निर्देशित किया कि आयोग द्वारा निर्धारित सभी प्रक्रियाओं एवं मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें तथा प्रश्नपत्रों के वितरण, परीक्षा संचालन एवं उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन की पूरी प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें। परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की जांच, सीसीटीवी संचालन, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में बताया गया कि परीक्षा केंद्रों पर आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कहा कि परीक्षा की गरिमा एवं विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेटों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, सजगता एवं पारदर्शिता के साथ करें ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं परीक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## 47 पेटी देशी शराब व 35 पाउच के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** थाना मधुबन व आबकारी टीम द्वारा रविवार को निरीक्षण दौरान देशी मदिरा दुकान राजू चौक (नुरुल्लाहपुर) से विक्रेता अभिषेक सिंह पुत्र चन्द्रशेखर सिंह नि.मोलिया पो.खजुराफुलाइच थाना मेहनगर जनपद आजमगढ को अनुमन्य बिक्री करने पर समय करीब 00.15 बजे कारण गिरफ्तारी बताकर बजाफ्ता बकायता हिरासत पुलिस में लिया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 182/2026 अन्तर्गत धारा 60, 64, 68 ईयू-एक्ट व 318(2), 318(4) बीएनएस बनाम देशी मदिरा दुकान राजू चौक (नुरुल्लाहपुर) के अनुज्ञापी शशिविन्द सिंह पुत्र रामकिशुन सिंह व विक्रेता अभिषेक सिंह पुत्र चन्द्रशेखर सिंह नि.मोलिया पो.खजुराफुलाइच थाना मेहनगर जनपद आजमगढ के विरूद्ध पंजीकृत किया गया।

सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों निर्देशों का अक्षरशः पालन कर गिरफ्तार किया गया।

# खड़िया नाला की सफाई के लिए 11.96 लाख स्वीकृत

- नाले की सफाई हो जातने से 31 गांवों के किसानों को होगा लाभ
- मोनथा चक्रवात से क्षतिग्रस्त फसलों का मुआवजा नहीं मिला किसानों को

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** प्रदेश सरकार ने रतनपुरा ब्लाक के गाढ़ा ताल के निकटवर्ती 9 किलोमीटर से अधिक लंबे खड़िया नाला की सफाई के लिए 11.96 लाख रुपए स्वीकृत किए यह धन राशि सिंचाई विभाग को मिल भी गई है और टेंडर स्वीकृत कर दिया गया। खड़िया नाले की सफाई से 31 गांवों के हजारों किसानों को राहत मिलेगी और अपने रवी फसल की बुवाई कर सकेंगे।

जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष व भाजपा नेता राकेश सिंह ने बताया कि रतनपुरा ब्लाक के 31 गांवों की धान की फसल मोनथा चक्रवात ध्तूफान से पानी में डूब कर सड़ गई और गाढ़ा और इटौरा ताल की जल निकासी न होने से इस क्षेत्र के 31 गांवों में गेहूं -जौ -सरसों -मटर -मसूर आदि की बुवाई नहीं हो पायी इससे किसानों की भारी आर्थिक क्षति हुई। तत्कालीन जिलाधिकारी ध्अपर जिलाधिकारी ने राजस्व कर्मियों को गांव-गांव भेज कर पानी में डूबे हुए खेतों का सर्वे कराया और फोटो -वीडियो बनवाया था। लेकिन पीड़ित किसानों को मोनथा चक्रवात से हुई क्षति का विवरण तहसीलों के कंप्यूटर में फीड होने के बाद भी आज तक नहीं मिला।

इन्होंने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित किसान दिवस में रतनपुरा ब्लाक के गाढ़ा ताल और इटौरा ताल की जल निकासी हेतु खड़िया नाला की खुदाईध्सिल्ट की सफाई की जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से दिसंबर से लेकर अप्रैल माह तक हर बैठक में क्षेत्रीय किसानों को लेकर किया गया। तत्कालीन जिलाधिकारी ने स्टेट मिशन फॉर क्लीन गंगा के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा एक जनपद एक नदी के तहत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विलुप्त हो रहे नदियों के पुनरूद्धार एवं विकास हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में खड़िया नाला जो गाढ़ा ताल से प्रवाहित होकर तमसा (टौंस) नदी में मिलती है का चयन गंगा समिति द्वारा किया गया। इस नदी का हेड से टेल तक 09.2 किलोमीटर के सापेक्ष 11.96 लाख रुपए का कार्य सिंचाई विभाग मऊ को दिया गया जिसकी स्वीकृति जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कमेटी से 30 अप्रैल 2026 को अनुमोदन प्राप्त कर इसका टेंडर सिंचाई विभाग द्वारा हुआ है। इससे क्षेत्र के गांव में बहुत ही खुशी है।

क्षेत्रीय ग्रामीणों ने बताया कि इस नाला/ड्रेन का कार्य बरसात के पूर्व होने से रतनपुरा ब्लाक के प्रभावित होने वाली गांवों की जनता को खरीफ और रवि की फसल की खेती में बहुत ही लाभ होगा।

श्री सिंह जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से मांग की है कि तत्काल खड़िया नाला की खुदाई सिंचाई विभाग से किसानों के हित में कराया जाय।

## कोर्ट के आदेश की धज्जियां उड़ाने का आरोप, डीएम से न्याय की गुहार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** घोसी तहसील अंतर्गत औलियापुर गांव में कोर्ट के स्थगन आदेश के बावजूद राजस्व कर्मियों द्वारा जबरन कब्जा कराने और फसल को नुकसान पहुंचाने का एक गंभीर मामला सामने आया है।

पीड़ित किसान ने इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार औलियापुर निवासी रमाकान्त पुत्र इन्द्रदेव का एक जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी न्यायालय घोसी में वाद लंबित है। पीड़ित का कहना है कि इस मामले में न्यायालय द्वारा पहले 29 नवंबर 2005 को यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया गया था। इसके बाद, हाल ही में 5 मई को उसी न्यायालय ने दोबारा स्थगन आदेश (स्टे) जारी किया था। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित रमाकान्त ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के स्पष्ट स्थगन आदेश के बावजूद क्षेत्र के लेखपाल और राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) नियमों को ताक पर रखकर विपक्षियों के साथ मिलकर जबरन खेत पर कब्जा करा रहे हैं। पीड़ित का यह भी आरोप है कि इस दौरान उसकी खड़ी फसल को भी बर्बाद कर दिया गया, जो कि सीधे तौर पर न्यायालय के आदेश की घोर अवहेलना है। परेशान पीड़ित ने 25 मई को जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मामले का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से मांग की गई है कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करने वाले दोषी राजस्व कर्मियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और 11 मई 2026 को विपक्षियों के पक्ष में की गई कथित गलत कार्रवाई को निरस्त कर उसे न्याय दिलाया जाए।

## संक्षिप्त सामाचार

### *जिले पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की गई प्रभावी कार्यवाही*

***तरुणमित्र न्यूज***

*मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को विभिन्न थानो द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। जिसमें थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 92/2026 धारा 318(4), 352, 351(3), 338, 340(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त अंकित बर्नवाल पुत्र दयानन्द बर्नवाल निवासी भीमहर थाना हलधरपुर को साहूपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।*

*थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 53/26 धारा 137(2), 87, 351(2), 65(1) बीएनएस व 5एल/6 पाक्सो एक्ट में वाछित अभियुक्त मोनू पुत्र सुरेश निवासी मीरपुर थाना बहरियाबाद थाना जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। थाना दक्षिण टोला पुलिस द्वारा 02 वारंटी अभियुक्त रामानन्द पुत्र पतिराम, सत्यदेव पुत्र पतिराम को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। जनपद पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अभियान लगातार जारी है।*

### *तीन टुकड़े पीले धातु के साथ चोर गिरफ्तार*

***तरुणमित्र न्यूज***

*मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में रविवार को विभिन्न थानों द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी/बरामदगी व विभिन्न मामलों में वांछित/वारंटी अभियुक्तों को भी गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।*

*अभियान के दौरान थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा गत दिवस शनिवार को मु.अ.सं. 107/2026 धारा 331(4)/ 305(ए) बी.एन.एस. से संबंधित अभियुक्त जोगिन्द्र चौहान उर्फ जोगी 61 वर्ष पुत्र विशुनी चौहान निवासी खराड़गाड़ी थाना हलधरपुर को खालिसपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपी 28 मई को दिन में ग्राम गड़वा स्थित दुर्गा मन्दिर में सोया था और शाम के सुनसान वक्त देखकर मन्दिर से आभूषण चोरी कर लिया था। उसके कब्जे चोरी किये हुए पीले धातु के तीन टुकडे बरामद कर चालान न्यायालय किया गया तथा उक्त प्रकरण में धारा 317 (2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।*

### *ऑनलाइन ठगी के शिकार तीन पीड़ितों का 6.93 लाख धनराशि हुई वापस*

***तरुणमित्र न्यूज***

*मऊ। जनपद पुलिस द्वारा साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में रविवार को घोसी थाना क्षेत्र में ऑनलाइन ठगी के शिकार हुए 03 पीड़ितों की कुल 6,93,575 रुपये वापस करायी गयी।*

*जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से प्राप्त साइबर फ्रॉड़ की शिकायतों के आधार पर साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं साइबर पोर्टल पर तत्काल कार्रवाई की गई। जिसके अंतर्गत जनपद के थाना घोसी द्वारा कुल 03 पीड़ित विनोद पुत्र दयानन्द निवासी गोंफा को 5,81,575 रुपये, रामदेव प्रसाद निवासी मोहम्मदपुर उर्फ काजीपुर को 70,000 रुपये, कल्पनाथ सिंह पुत्र रामअवतार सिंह निवासी जमालपुर मिर्जापुर को 42000 रुपये के खाते में वापस कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, अज्ञात लिंक, फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, निवेश, लोन, पार्ट टाइम जॉब अथवा ओटीपी साझा करने से सावधान रहें। साइबर ठगी होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।*

### *व्यापक चेकिंग अभियान में 1350 संदिग्ध के विरूद्ध की गयी कार्रवाई*

***तरुणमित्र न्यूज***

*मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में रविवार को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनो व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध व्यापक चेकिंग अभियान चलाया गया।*

*इस अभियान के अंतर्गत 35 टीम गठित कर जनपद के 41 स्थानों पर बदल बदलकर लगभग 1350 सदिग्ध वाहनो/व्यक्तियो को चेक किया गया जिसमें यातायात के नियमों का पालन न करने पर 703 वाहनों को विभिन्न धाराओ में चालान एवं 08 वाहनों को सीज किया गया साथ ही साथ अन्य लोगों को हिदायत भी दी गयी तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु वाहन चालकों को नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आमजन से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें एवं गलत स्थानो पर पार्किंग नहीं करे तथा सुरक्षित यातायात में सहयोग प्रदान करें।*

### *आवेदिका का गायब मोबाइल मिलने से खुशी*

***तरुणमित्र न्यूज***

*मऊ। पुलिस अधीक्षक कमलेश बहादुर के निर्देशन में थाना कोपागंज की साइबर पुलिस टीम द्वारा सीईआइआर पोर्टल पर दर्ज शिकायत का रविवार को निस्तारण किया गया। आवेदिक सुरेश चौहान निवासी भरथिया कादीपुर थाना कोपागंज के मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करने के उपरान्त संबंधित को मोबाइल फोन वापस किया गया। मोबाइल प्राप्त कर लाभार्थियों द्वारा मऊ पुलिस की सराहना की गई।*

# गायत्री परिवार ने नशा मुक्त भारत की निकाली संकल्प जागरूकता रैली

- रैली का 'द मऊ क्लब' ने किया स्वागत, कराया जलपान
- 'नर सेवा ही नारायण सेवा है' की भावना से भागीदारी रहा है मऊ क्लबः अध्यक्ष



संकल्प जागरूकता रैली निकालता गायत्री परिवार।

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से गायत्री परिवार द्वारा रविवार को गायत्री मंदिर से एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने हाथों में जागरूकता संदेशों से युक्त तख्तियां लेकर नगर के विभिन्न मार्गों पर भ्रमण किया तथा लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत किया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशे की लत से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं संस्कारित समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था। रैली के दौरान लोगों से नशा छोड़ने और अपने परिवार व समाज को सुरक्षित रखने का आह्वान किया गया।

इस दौरान सामाजिक संस्था द मऊ क्लब ने मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए रैली में शामिल सभी लोगों के लिए ठंडे पानी और पेड़े की व्यवस्था की। भीषण गर्मी को देखते हुए क्लब के सदस्यों ने श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत कर उन्हें जलपान कराया। मऊ क्लब के अध्यक्ष लाल बहादुर जायसवाल ने बताया कि "नर सेवा ही नारायण सेवा है" की भावना के साथ क्लब निरंतर सामाजिक कार्यों में भागीदारी करता रहा है।

उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा चलाया जा रहा नशा मुक्ति अभियान अत्यंत सराहनीय है और ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहयोग करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। कार्यक्रम संयोजक वेद नारायण मिश्रा व सहसंयोजक संतोष राजवती ने कहाकि पानी और पेड़ा वितरण जैसे छोटे-छोटे सेवा कार्य लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते हैं और समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस सेवा कार्य को कर क्लब के सभी सदस्य स्वयं को गौरवान्वित और संतुष्ट महसूस कर रहे हैं।

गायत्री परिवार के उपजोन समन्वयक प्रमोद कुमार राय ने कहा कि नशा आज देश, समाज और परिवारों को अंदर ही अंदर खोखला कर रहा है। नशे की वजह से अनेक परिवार बर्बाद हो रहे हैं और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इसी गंभीर समस्या को लेकर गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भले ही इस अभियान में अभी कुछ ही लोग जुड़े हों, लेकिन जागरूकता की यह छोटी शुरुआत भविष्य में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकती है। श्री राय ने मऊ क्लब द्वारा किए गए स्वागत और जलपान की सराहना करते हुए क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक संगठनों का सहयोग ऐसे अभियानों को नई ऊर्जा प्रदान करता है और समाज में जनजागरण के कार्य को और अधिक प्रभावी बनाता है।

नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए सभी नागरिकों को मिलकर आगे आने की आवश्यकता है।

## 100 बेड का टंडियाव अस्पताल जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार

**तरुणमित्र न्यूज**

**घोसी (मऊ)।** उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इसके उलट है। मऊ जिले के घोसी ब्लॉक अंतर्गत टंडियाव में बना 100 बेड का विशाल अस्पताल आज स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उदासीनता के चलते खुद बीमार नजर आ रहा है। करोड़ों की लागत से खड़ी की गई यह आलीशान इमारत आधुनिक सुविधाओं और डॉक्टरों की कमी के कारण सफेद हाथी साबित हो रही है।

आस-पास के दर्जनों गांवों की स्वास्थ्य उम्मीदों का केंद्र माना जाने वाला यह अस्पताल बुनियादी जांच सुविधाओं के लिए तरस रहा है। इतने बड़े अस्पताल में न तो ''अल्ट्रासाउंड की कोई व्यवस्था है'' और न ही ''सीटी स्कैन की सुविधा''। इसके चलते गरीब मरीजों को मामूली जांचों के लिए भी निजी सेंटरों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, जिससे उनकी जेब पर भारी बोझ पड़ रहा है।

अस्पताल की सबसे दयनीय स्थिति महिला स्वास्थ्य विंग की है। अस्पताल में ''एक भी गाइनेकोलॉजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉक्टर तैनात नहीं है''। इस वजह से क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को आपातकालीन स्थिति में मऊ जिला अस्पताल या निजी नर्सिंग होम के लिए रेफर कर दिया जाता है। रास्ते में होने वाली दिक्कतों के कारण कई बार मरीजों की जान पर बन आती है। क्षेत्र की जनता का आरोप है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान भी इस बड़ी समस्या की तरफ नहीं जा रहा है।

इस पूरे मामले पर जब अस्पताल के सीएमएस ''डॉ. दिनेश चंद्रा'' से बात की गई, तो उन्होंने अपनी लाचारी और विभाग के प्रयासों को सामने रखा। सीएमएस डॉ. दिनेश चंद्रा ने बताया कि अस्पताल में सुविधाओं और डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए शासन-प्रशासन को कई बार पत्र लिखकर मांग भेजी जा चुकी है। विशेषकर गाइनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर की तैनाती के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है, लेकिन अभी तक शासन से किसी भी महिला डॉक्टर की नियुक्ति नहीं हो सकी है। स्थानीय सूत्रों की मानें तो सीएमएस डॉ. दिनेश चंद्रा अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए लगातार अपने स्तर से परिश्रम कर रहे हैं, लेकिन शासन स्तर से बजट और मानव संसाधन (स्टाफ) न मिलने के कारण उनके प्रयास भी नाकाफी साबित हो रहे हैं। क्षेत्रीय जनता में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करने वाले नेता आज इस 100 बेड के अस्पताल की दुर्दशा पर मौन साधे हुए हैं। यदि जल्द ही टंडियाव अस्पताल में अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन की मशीनें और महिला डॉक्टरों की तैनाती नहीं की गई, तो स्थानीय ग्रामीण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## कांग्रेस कार्यालय पर वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की मनायी गयी जयंती

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए: राजमंगल यादव

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** वीरांगना लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती के अवसर पर रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी, कार्यालय पर पुष्प अर्पित कर पार्टी के लोगों ने नमन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजमंगल यादव ने कहा कि, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर केवल एक कुशल शासक ही नहीं थीं, बल्कि न्याय, धर्म और जनसेवा की प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, कृषि, व्यापार और मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं।

उनका संपूर्ण जीवन किसानों, महिलाओं और वंचितों के उत्थान को समर्पित रहा। श्री यादव ने कहा कि आज जब मऊ में किसान अपनी घोसी चीनी मिल को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है, तब अहिल्याबाई होलकर जी का जीवन हमें सिखाता है कि सच्चा राजधर्म प्रजा की सेवा में है।

कांग्रेस पार्टी उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए किसानों, मजदूरों और महिलाओं के हक की लड़ाई लगातार लड़ती रहेंगी। जिला कांग्रेस कमेटी संकल्प लेती है कि लोकमाता के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाएगी और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए संघर्षरत रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप ओमप्रकाश ठाकुर, उदयप्रताप राय, मनोज गिहार, हफिजुरहमान, ब्रह्मानन्द पाण्डेय, मंशा राजभर, विवेक कुमार गोड़, सुरेश राजभर, शाहिद फारूकी, राजेश यादव, अरविंद यादव सहित जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ढोलवन में हत्यारोपी अभियुक्त ग्राम प्रधान गिरफ्तार

**तरुणमित्र न्यूज**

**मऊ।** थाना हलधरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ढोलवन में 55 वर्षीय रामजन्म राजभर पुत्र स्व.शिवपाल राजभर, की बीते दिनों हलधरपुर बाजार से गेहूं पिसवाकर घर वापस जाते समय हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों को हत्या में आरोपी बनाया था। इस संबंध में मु.अ.सं. 105/26 धारा 3(5), 10, 103(1), 61(2), 351(3) बीएनएस थाना हलधरपुर 04 नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोंग पंजीकृत कर गिरफ्तारी हेतु तेजी से प्रयास किया जा रहा था। इसमें से रविवार को एक नामजद अभियुक्त ग्राम प्रधान रामबदन यादव निवासी ढोलवन थाना हलधरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया।

जबकि अन्य नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु क्षेत्राधिकारी मधुबन के नेतृत्व में थाना, स्वाट एवं एसओजी/सर्विलांस की 03 अलग-अलग गठित टीम द्वारा तलास की गयी तथा अन्य वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

शुभ लग्न ऑफर
PRAK
शुद्धता और विश्वास, अब आपके और भी पास
मेसर्स- परसोत्तम राम
अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स
ए.सी. शोरूम
त्योहारों के उपलक्ष्य में कोठी परसोत्तम राम अजीत कुमार बैंकर्स एण्ड ज्वैलर्स प्रस्तुत करते हैं
देश एवं विदेश के सर्वोत्तम कारीगरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट डिजाइनर ब्राण्डेड ज्वैलरी
हमारे यहां सोने, चांदी और डायमण्ड की फैन्सी ब्राण्डेड ज्वैलरी मिलती है। साथ ही साथ सोने, चांदी के सिक्के, रत्न, उपरत्न एवं मूर्ति भी उपलब्ध है। एक बार सेवा का अवसर दें।
कोतवाली चौराहा, अलफस्टीनगंज, स्टेशन रोड, जौनपुर
नोट:- हमारी कोई अन्य शाखा नहीं है।
रविन्द्र बैंकर, संस्कार बैंकर, दिव्यांस बैंकर
मो.: 09838435680



रजि. नं. 49166 (U.P.)
हिमानी हॉस्पिटल
हिमानी हॉस्पिटल ADVANCE WOMEN CARE
(अत्याधुनिक महिला चिकित्सा केन्द्र)
डा. शैली निगम
M.B.B.S.,M.D. (Obst & Gynae)
प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
गोल्ड मेडलिस्ट, के.जी.एम.सी., लखनऊ
हेल्पलाइन नं. 7800785686
भूतपूर्व सर्जन: गुरुतेग बहादुर अस्पताल एवं यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली • कस्तूरबा अस्पताल, दिल्ली
डा. आदित्य निगम
M.B.B.S.,M.S. (Ortho.)
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
ट्रामा, आर्थराइटिस एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन
भूतपूर्व सर्जन: • डा. एल.एच. हीरानदानी हॉस्पिटल, मुंबई • ई.एस.आई. हॉस्पिटल, दिल्ली
डा. तुषार मोहन
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(प्रतिमाह आखिरी रविवार को उपलब्ध)
सुविधायें
• गाइनी- अल्ट्रासाउण्ड
• सामान्य एवं अतिगंभीर गर्भावस्था • आधुनिक तकनीक से बच्चेदानी (छक्टभ)
• इन्फर्टिलिटी विशेषज्ञ एवं अन्य आपरेशन
• कैंसर से बचाव एवं टीकाकरण • कॉल्पोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • लैप्रोस्कोपी
सुविधायें
• आर्थो • प्लास्टर
• ज्वाइंट एन्जेक्शन
• ट्रामा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एवं अन्य आपरेशन
पता - डा. मन मोहन श्रीवास्तव
सीनियर फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
48, जहांगीराबाद (बदलापुर रोड), जौनपुर-222002
परामर्श का समय प्रातः 10-2 बजे तक (रविवार अवकाश)
इमरजेन्सी परामर्श : प्रतिदिन 24 घण्टा
नि:संतान महिलाएं अवश्य मिलें





संस्थापक सम्पादक- स्व. कैलाशनाथ
तरूणमित्र मीडिया प्रा0लि0 के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा, मुद्रक एवं सम्पादक आदर्श कुमार* द्वारा मीडिया टेक्स्ट प्रा0लि0, रोहनिया जी0टी0 रोड, वाराणसी से मुद्रित एवं 631, उमरपुर हरिबन्धनपुर, जौनपुर से प्रकाशित।
आर.एन.आई पंजीयन सं. 353710/78 (मो0:- 9452984488)
फोन:-समाचार कक्ष-(05452) 358728, 05452-470147
E-mail : tarunjnp@rediffmail.com, tarunjaunpur@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद जौनपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
मुख्यालय:- 47 धरनीधरपुर, जौनपुर (उ0प्र0)

# चोरी का पांच वाहन बरामद

## पुलिस को मिली सफलता, तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) दिनेश कुमार शुक्ला के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी रसड़ा आलोक कुमार गुप्ता व थानाध्यक्ष नगरा संजय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना नगरा पुलिस टीम को मिली सफलता। उल्लेखनीय है कि 30 मई को थाना नगरा पर वादी मुकदमा द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनांक 18/मई 2026 को शाम को नगर पंचायत नगरा जनपद बलिया के ब्लाक पर अपनी मोटर साईकिल को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था इस तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रचलित थी।

इसी क्रम में रविवार को थाना नगरा पुलिस टीम के उ0नि0 अरविंद कुमार, उ0नि0 प्रभाकर शुक्ल व उ0नि0 संदीप कुमार मय हमराह देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व विवेचना/गिरफ्तारी अभियुक्त सम्बन्धित मु0अ0सं0 114/2026 धारा 303 (2) बीएनएस की सूरागरसी पतारसी में नरही नहर पुलिया पर मौजूद थे कि तभी मुखबिर खास ने आकर बताया कि आपके



पुलिस हिरासत में आरोपी युवक

मु0अ0सं0114/2026 धारा 303(2) से संबंधित अभियुक्तगण मय चोरी की मोटर साईकिल के साथ पकडी की तरफ से आ रहे है,जो नगरा की तरफ जाकर उक्त मोटर साईकिल को कही बेचने की फिराक में है। मुखबिर खास की इस सूचना पर विश्वास कर पुलिस बल मौके पर पहुँचकर आने वाले रास्ते पर छिपकर इन्तजार करने लगे कि थोडी देर बाद 03 व्यक्ति एक मोटर साइकिल से आते हुये दिखायी दिये संदिग्ध होने पर रोककर पूछाताछ करना चाही तो तीनों भागना चाहे। पुलिस बल द्वारा तीनो व्यक्तियों को पुलिस हिरासत में लेकर उनका नाम पता व भागने का कारण पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो तीनो व्यक्तियो ने क्रमानुसार अपना नाम पवन खरवार पुत्र सुरेश खरवार निवासी मेउली थाना पकड़ी जनपद बलिया उम्र 35 वर्ष मुन्ना गोंड़ पुत्र हवलदार गोंड़ निवासी लीलकर थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया उम्र करीब 30 वर्ष मुन्ना गोंड़ पुत्र सत्येन्द्र गोंड़ निवासी रूद्रवार थाना सिकन्दरपुर जनपद बलिया उम्र करीब 28 वर्ष को मौके से पकड़ लिया गया। बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार अभियुक्तों को समय लगभग 04.00 बजे पुलिस हिरासत में लेकर नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

भागने के बावत पूछने पर बता रहे है कि हम लोगों के पास यह जो मोटर साइकिल है चोरी की है जिसे हम लोगों ने 30 मार्च को जिला अस्पताल बलिया के परिसर से हम लोगों ने चोरी किया था जिसे हम लोग बेचने जा रहे थे कि आप लोगों के द्वारा पकड़ लिया गया।

# मजदूरों के अधिकारों पर जागरूकता शिविर आयोजित

तरूणमित्र न्यूज

**बलिया।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के सचिव श्री चंद्र प्रकाश तिवारी के आदेश पर श्रम विभाग के सहयोग से ग्राम कैथोली में मजदूरों के अधिकारों विषयक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया की ओर से पैरालीगल वालेंटियर श्री प्रवीण कुमार चौबे ने उपस्थित मजदूरों को उनके विधिक एवं श्रमिक अधिकारों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विधिक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा एलएसएमएस पोर्टल तथा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 संचालित किया जा रहा है। इन सेवाओं के माध्यम से आमजन




घर बैठे ही नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को विभिन्न श्रम कानूनों, सरकारी योजनाओं तथा विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में भी जागरूक किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान श्री राम प्रवेश साहनी, श्रम विभाग के कर्मचारी श्री चंदन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं मजदूर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना तथा जरूरतमंद लोगों तक विधिक सहायता की पहुंच सुनिश्चित करना रहा।

# मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय, आजमगढ़ में एक श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेसजनों ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उनके जीवन, कार्यों एवं समाज सुधार के क्षेत्र में दिए गए योगदान को स्मरण किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी महान शासिका थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में न्याय, सुशासन, धर्म और जनकल्याण की मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने देशभर के अनेक धार्मिक स्थलों, मंदिरों, घाटों, कुओं और धर्मशालाओं का निर्माण कराकर समाज सेवा की एक अमिट छाप छोड़ी। महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष रियाजुल हसन ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन सेवा, त्याग और जनकल्याण का प्रतीक है। आज के समय में उनके आदर्शों को अपनाने की आवश्यकता पहले से अधिक है। उन्होंने समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों के उत्थान के लिए जो कार्य किए, वे हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। कांग्रेस पार्टी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक न्याय, समानता और जनसेवा के मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बेलाल बेग, मुन्नू यादव, शीला भारती, ओम प्रकाश यादव, प्रदीप यादव, बालचंद राम, मो अमीर अजय गुप्ता, मान सिंह, महताब आलम , बृजेश पांडेय,कैप्टन अशोक विपिन विश्वकर्मा, फैज अरविन्द देव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मनोज सिन्हा और अफजाल अंसारी की सामने आई तस्वीर ने चौंकाया

# गाजीपुर के धुर विरोधी नजर आए एक साथ

**गाजीपुर।** सोशल मीडिया पर जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और सांसद अफजाल अंसारी की एक तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। इस तस्वीर ने न केवल सियासी हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी विभिन्न चर्चाएं शुरू कर दी हैं। यह दोनों नेता एक-दूसरे के कट्टर विरोधी माने जाते हैं। तस्वीर में सांसद अफजाल अंसारी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा एक-दूसरे को सम्मानित करते हुए खुश दिखाई दे रहे हैं।

इस तस्वीर को लेकर एक पक्ष का कहना है कि संसद में हर विभाग की लोकसभा और राज्यसभा के सभापति द्वारा सदस्यों की एक कमेटी बनाई जाती है, जो प्रतिवर्ष संबंधित विभाग की योजनाओं और परियोजनाओं का मूल्यांकन करती है। इस संदर्भ में संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री या उपराज्यपाल से भी मुलाकात की जाती है और अंत में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है।

इसी प्रक्रिया के तहत विभिन्न राज्यों के साथ जम्मू कश्मीर में भी कई विभागों की



स्थायी कमेटी ने दौरा किया है और आगे भी दौरे की योजना है। इसमें उद्योग संबंधी स्थायी समिति शामिल है, जिसके अध्यक्ष वरिष्ठ सांसद तिरुचि शिवा हैं। इस कमेटी में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 31 सदस्य हैं, जिनमें गाजीपुर के सांसद भी शामिल हैं। ये सांसद अपने दायित्व का निर्वहन करने के लिए विभिन्न स्थानों का दौरा करते हैं।

इस संदर्भ में यह समिति जम्मू कश्मीर भी गई थी, जहां उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ यह सामान्य बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में सामान्य प्रोटोकॉल का पालन किया गया, जो वहां उपस्थित सभी सांसदों के लिए अनिवार्य होता है। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद से राजनीतिक विश्लेषक और आम जनता दोनों ही इस पर अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं। कुछ लोग इसे सियासी रणनीति का हिस्सा मान रहे हैं, जबकि अन्य इसे एक सामान्य औपचारिकता के रूप में देख रहे हैं।

गाजीपुर के राजनीतिक परिदृश्य में यह तस्वीर एक नई बहस का विषय बन गई है। मनोज सिन्हा और अफजाल अंसारी के बीच की यह मुलाकात कई सवालों को जन्म देती है। क्या यह दोनों नेताओं के बीच की कटुता को कम करने का प्रयास है, या फिर यह एक राजनीतिक खेल है? इस घटना ने गाजीपुर की राजनीति में एक नई हलचल पैदा कर दी है। राजनीतिक विश्लेषक इस तस्वीर के पीछे की मंशा को समझने की कोशिश कर रहे हैं। क्या यह एक नई राजनीतिक साझेदारी की शुरुआत है, या फिर यह केवल एक औपचारिक मुलाकात है?

इस तस्वीर ने न केवल गाजीपुर बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक नई चर्चा को जन्म दिया है। मनोज सिन्हा और अफजाल अंसारी की यह एक साथ तस्वीर न केवल एक औपचारिकता का प्रतीक है, बल्कि यह गाजीपुर की राजनीति में चर्चा का विषय भी बनी हुई है। हालांकि इस बाबत किसी पक्ष से कोई टिप्पणी जारी नहीं की गई है।

# डीसीएम वाहन ने पान की गुमटी को मारी टक्कर, पति को घायल देख पत्नी की सदमे से हुई मौत

**गाजीपुर।** दिलदारनगर-भदौरा मार्ग पर रक्सहां गांव के सामने काली मंदिर के पास रविवार की सुबह तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित पान की गुमटी में जा घुसी।

हादसे में गुमटी संचालक दीपनाथ राम समेत चार लोग घायल हो गए। वहीं घायल पति की हालत देखकर उनकी 65 वर्षीय पत्नी दुर्गा देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्वजन उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया।

रक्सहां गांव निवासी दीपनाथ राम की गांव के काली मंदिर के पास सड़क किनारे पान की गुमटी है। रविवार सुबह वह रोज की तरह दुकान पर बैठे थे। करीब आठ बजे उनकी पत्नी दुर्गा देवी चाय लेकर गुमटी पर पहुंचीं और चाय देने के बाद सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान दिलदारनगर की ओर से भदौरा जा रही तेज रफ्तार खाली डीसीएम ने गुमटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से गुमटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें बैठे दीपनाथ घायल हो गए। हादसे में गुमटी के पास खड़े धर्मेंद्र कुमार, राजेंद्र प्रसाद और उमा राम भी घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया, जबकि अन्य घायलों का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया।

दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक भी वाहन में फंस गया, जिसे ग्रामीणों ने बाहर निकालकर उपचार के लिए भेजा। थाना निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीएम की टक्कर में पति के घायल होने की सूचना और उनकी हालत देखकर दुर्गा देवी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। स्वजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल निजी अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। दीपनाथ राम ने बताया कि उन्हें अंदाजा भी नहीं था कि जीवनभर साथ निभाने वाली पत्नी इस तरह अचानक उन्हें छोड़कर चली जाएगी। दुर्गा देवी के पांच पुत्र और एक पुत्री हैं। मां की मौत से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# फर्जी जमानत गैंग का मुखिया गिरफ्तार

तरूणमित्र न्यूज

**आजमगढ़।** जिले में फर्जी जमानत प्रकरण में आजमगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कूटरचित अभिलेखों के आधार पर गंभीर अपराधों में निरुद्ध अभियुक्तों की जमानत कराने वाले संगठित गिरोह के एक सक्रिय सदस्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ हत्या, डकैती, गैंगस्टर एक्ट समेत दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। वहीं पुलिस के अनुसार 30 मई 2026 को कचहरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक चन्द्र प्रकाश कश्यप ने थाना कोतवाली नगर में तहरीर देकर बताया कि कुछ तथाकथित वकील एवं जमानतदार अनुचित आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से न्यायिक अभिरक्षा में बंद अपराधियों की जमानत के लिए फर्जी दस्तावेजों का प्रयोग कर रहे थे।

जांच में सामने आया कि एक ही जमानतदार द्वारा समान दस्तावेजों के आधार पर कई अभियुक्तों की जमानत कराई गई थी, जिससे एक संगठित गिरोह के सक्रिय होने की पुष्टि हुई। इस मामले में थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 267/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 111 एवं 61(2) बीएनएस के तहत रामचन्द्र यादव उर्फ मैकू यादव तथा



दयाराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त रामचन्द्र यादव उर्फ मैकू यादव उर्फ सत्यम यादव निवासी भरौली, थाना जीयनपुर को 30 मई की रात करीब 9:35 बजे जनपद कारागार गोरखपुर के समीप से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी फर्जी जमानत गिरोह का सक्रिय सदस्य है और न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करता था।

## वृद्धा ने कोतवाली में जान देने की बात कही

**आजमगढ़।** जिले के कंधरापुर थाना क्षेत्र के कम्हेनपुर गांव निवासी एक विधवा महिला ने अपनी ही बेटी मीना सिंह और दामाद पर मकान पर जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने पुलिस एवं प्रशासन से हस्तक्षेप कर उसे अपने मकान में सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से रहने की व्यवस्था कराने की मांग की है। दुर्गा सिंह ने बताया कि उनके पति चित्रागंद सिंह का निधन हो चुका है। उनके एक पुत्र और तीन पुत्रियां हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। दुर्गा सिंह का आरोप है कि उनकी बड़ी पुत्री मीना सिंह और दामाद मथुरा सिंह ने कुछ समय के लिए रहने के उद्देश्य से उनका मकान लिया था, लेकिन अब वे मकान खाली करने को तैयार नहीं हैं। महिला का कहना है कि उन्होंने स्वयं, उनके पुत्र-बहू तथा अन्य रिश्तेदारों ने कई बार समझाने का प्रयास किया, लेकिन बेटी और दामाद मकान छोड़ने को तैयार नहीं हुए। आरोप है कि विरोध करने पर बेटी मारपीट पर उतारू हो जाती है। वृद्धा ने यह भी बताया कि वह अपनी पुत्री के बेटे के नाम पहले ही भूमि दे चुकी हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याएं कम नहीं हुई हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे मकान को खाली नहीं करवाया गया तो यही कोतवाली में आकर अपनी जान दे देंगे।

# रोजगार मेले का आयोजन 02 जून को

**बलिया।** निदेशक सेवायोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम मे जिला सेवायोजन कार्यालय बलिया द्वारा 02 जून समय प्रात: 10:30 बजे, स्थान जिला सेवायोजन कार्यालय सतनी सराय तारा निवास गली भृगु आश्रम के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनी endsand बैंक पद लोन ऑफिसर वेतन 15000, प्रोत्साहन राशि, गाड़ी तेल, पी0 एफ0 शैक्षिक योग्यता न्यूनतम इंटरमीडिएट कार्य स्थल गाजीपुर, बलिया,मऊ इत्यादि पदों पर बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। मेले में प्रतिभाग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकृत अभ्यर्थियों कैम्पस चयन रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से होगा।

# सांसद रामाशंकर राजभर की टिप्पणी पर सियासी घमासान

**सिकन्दरपुर (बलिया)।** हरनाटार गांव में आयोजित एक प्रेसवार्ता के दौरान सलेमपुर सांसद रामाशंकर राजभर की विवादित टिप्पणी के बाद क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। सांसद द्वारा ओमप्रकाश राजभर पर की गई टिप्पणी को लेकर समर्थक और विरोधी आमने-सामने आ गए हैं।

प्रेसवार्ता के दौरान हरनाटार प्रकरण पर अपनी बात रखते हुए सांसद ने कुछ नेताओं पर समाज के हितों की उपेक्षा कर सत्ता के इशारों पर राजनीति करने का आरोप लगाया। इसी क्रम में उन्होंने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर पर तीखा हमला बोला और उनके लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। साथ ही राजभर समाज के कुछ अन्य नेताओं को भाजपा का पालतू नेता भी बताया। सांसद के बयान का वीडियो सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। सांसद की टिप्पणी को लेकर जहां उनके समर्थक इसे राजनीतिक प्रतिक्रिया बता रहे हैं, वहीं विरोधी दलों के नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विपरीत बताया है। पूर्वांचल की राजनीति में राजभर समाज की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस बयान को आगामी राजनीतिक समीकरणों से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

इस बीच सांसद के बयान पर पलटवार करते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव शेख अहमदअली संजय भाई ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश राजभर के बढ़ते जनाधार और राजनीतिक प्रभाव को देखकर समाजवादी पार्टी के नेताओं में बौखलाहट बढ़ गई है, जिसके कारण वे अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

संजय भाई ने कहा कि ओमप्रकाश राजभर का राजनीतिक कद लगातार बढ़ रहा है और पिछड़े, वंचित तथा गरीब वर्गों के बीच उनकी स्वीकार्यता पहले से अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों और विभिन्न राज्यों में गठबंधन की सफलता के बाद ओमप्रकाश राजभर की राष्ट्रीय पहचान और मजबूत हुई है, जिससे विपक्षी नेता असहज महसूस कर रहे हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि इस बयानबाजी के बाद राजभर राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज हो सकता है तथा आने वाले दिनों में इसका असर क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी देखने को मिल सकता है।

# बाइक और ई-रिक्शा की टक्कर में दो किशोर गंभीर, सदर अस्पताल रेफर

**सिकन्दरपुर, बलिया।** बेल्थरा रोड मार्ग पर करमौता गांव के समीप रविवार अपराह्न बाइक और ई-रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर में दो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के भांटी गांव निवासी अरविंद (15) पुत्र अच्छेलाल तथा शनी (13) पुत्र वीरेंद्र बाइक से बाल कटवाने के लिए जा रहे थे। बताया जाता है कि बाइक शनी चला रहा था। करमौता के समीप पहुंचते ही उनकी बाइक सामने से आ रही एक ई-रिक्शा से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों किशोर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल, बलिया रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार घायल अरविंद की हालत अधिक गंभीर बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। दुर्घटना के बाद क्षेत्र में काफी देर तक लोगों की भीड़ जुटी रही।

# पत्रकारिता मिशन है, व्यवसाय नहीं

## दिवंगत पत्रकारों के परिजनों को संगठनों ने किया सम्मानित

**गाजीपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार संगठनों ने विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर ससमारोह हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाया।

सर्वप्रथम गाजीपुर पत्रकार एसोसिएशन के सभागार में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिन्दी पत्रकारिता प्रारंभ से आज तक विषयक गोष्ठी में संस्था के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किये। अनिल उपाध्याय ने प्रथम हिन्दी समाचार पत्र उतण्ड मार्तण्ड के प्रकाशन पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकारों को बधाई दी।

डा.ए.के. राय ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता में 1826 से लेकर अबतक कई आमूल-चूल परिवर्तन हुये हैं। आज पत्रकारिता का दायरा बड़ा हो गया है। आज पत्रकार जनता और समाज की समस्याओं को अपनी बेबाक लेखनी से उजागर कर सामाजिक सुरक्षा और आम




जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिये निरन्तर प्रयत्नशील है। ऐसे पत्रकार सम्मान के पात्र हैं। पत्रकारों के कार्यो को देखते हुए शासन से सुरक्षा और सहयोग मिलना चाहिये। संरक्षक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि हमलोगों ने पत्रकारिता का वो दौर देखा है जब लोगों की सुबह अखबार से शुरू होती थी और शासन-प्रशासन अखबार में छपी खबरों का संज्ञान लेता था और समस्याओं का समाधान कराता था।

सूर्यवीर सिंह ने बताया कि आज हम पत्रकारिता के कठिन दौर में हैं और हमारे सामने चुनौतियां अधिक हैं। सोशल मीडिया के दौर में खबरों को लेकर सतर्क रहना जरूरी है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस हम सभी के लिये गौरव और आत्ममंथन का अवसर है। संचालन आशुतोष त्रिपाठी और अध्यक्षता सूर्यवीर सिंह तथा संचालन आशुतोष त्रिपाठी ने किया।

वहीं जर्नलिस्ट काउन्सिल ऑफ इंडिया के बैनर तले मिश्र बाजार में आयोजित कार्यक्रम में जेसीआई के राष्ट्रीय सलाहकार डा. ए. के. राय द्वारा आज समाचार पत्र के जिला प्रतिनिधि अरुण कुमार तिवारी, हिन्दुस्तान संदेश के हिमांशु राय तथा समाचार भारत के रमेश कुमार सोनी को उनके पत्रकार हितार्थ समर्पण के लिए सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने पत्रकारिता को व्यवसाय न बनाने और मिशन के रूप में संचालित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

इसी क्रम में उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन( उपजा) के कचहरी स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने आज की पत्रकारिता एवं आज से 200 वर्ष पूर्व हिन्दी पत्रकारिता को संदर्भित करते हुए अपना-अपना विचार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डॉक्टर विजेंद्र प्रताप सिंह ने आज की पत्रकारिता के साथ साथ रामायण काल, महाभारत आदि समय की पत्रकारिता पर अपना विचार रखते हुए पत्रकारों की एकता एकजुटता पर बल दिया। कार्यक्रम में पत्रकार स्व.राजरूप शुक्ला के पुत्र सोनू को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उधम सिंह व संचालन राजेश सिंह ने किया।

वहीं प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने वरिष्ठ समाज सेविका श्रीमती मीरा राय के मुख्य आतिथ्य और प्रगतिशील ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत मिश्रा की उपस्थिति में वक्ताओं ने वर्तमान समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों और पत्रकारों के हितों पर खुलकर अपनी बात रखी। वक्ताओं ने सरकार से पत्रकारों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग की।

नि:सन्तान दम्पत्ति निराश न होवें
बाँझपन के सर्वोत्तम इलाज के लिए
शकुन्तला आईवीएफ सेन्टर

सेवा का अवसर दें
निवेदक
डा0 रामअवध यादव
डा0 शकुन्तला यादव
डा0 आनन्द वर्द्धन
डा0 अन्शु कुमारी

पचहटिया, आजमगढ़ रोड, जौनपुर
Mob.: 8931931199, 9918905642

